
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा



वर्ष-11 अंक-16 | प्रयागराज, रविवार 17 अप्रैल 2022 से शनिवार 23 अप्रैल 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये
सिनेमाः रणबीर कपूर जानना चाहते थे शादी की सारी रस्में...8)

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने भारत को शुरू की एस-400 की आपूर्ति, जानें क?या है इस मिसाइल रक्षा प्रणाली की खूबियां

**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध और उसके चलते लगाए गए विभिन्न प्रतिबंधों के बीच रूस ने भारत को सतह से हवा में मार करने वाली अत्याधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली एस-400 की दूसरी स्क्वाड्रन की समय से पहले आपूर्ति शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि इस महीने के अंत तक इस प्रणाली के सभी उपकरणों की आपूर्ति पूरी हो जाएगी और उसके बाद इसे तैनात किया जाएगा। यह प्रणाली अत्याधुनिक रडारों से लैस है, जो 100 से 300 टारगेट ट्रैक कर सकते हैं। 600 किलोमीटर तक की रेंज में आने वाले खतरों का पता लगा सकते हैं इसमें लगी मिसाइलें 30 किलोमीटर ऊंचाई और 400 किलोमीटर तक दूरी में एक साथ 36 टारगेट को भेद



सकती हैं यह एंटी-मिसाइल दागकर दुश्मन के विमानों और मिसाइलों को हवा में ही खत्म कर सकती है उपग्रहों के जरिये यह दुश्मनों पर नजर रखती है, इससे यह पता चल जाता है कि दुश्मन देश के लड़ाकू विमान कहां से हमला करने वाले हैं इसमें चार तरह की मिसाइल होती हैं। एक मिसाइल 400 किमी, दूसरी 250 किमी, तीसरी 120 किमी और चौथी 40 किमी की रेंज वाली होती है।रूस ने एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली के पहले स्क्वाड्रन की अपूर्ति पिछले साल दिसंबर में थी, जिसे पंजाब में पाकिस्तान की सीमा पर तैनात किया गया है। यह चीन से आने वाले किसी भी खतरे से भी निपटने में सक्षम है। रक्षा क्षेत्र से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एस-400 मिसाइल प्रणाली की दूसरी स्क्वाड्रन एक प्रशिक्षण स्क्वाड्रन है। इसमें सिर्फ सिमुलेटर और प्रशिक्षण से संबंधित कुछ अन्य उपकरण ही शामिल हैं। इसमें मिसाइल या लांचर जैसे उपकरण नहीं हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि यूक्रेन से युद्ध के बावजूद रूस की तरफ से रक्षा उपकरणों की आपूर्ति जारी है। अभी तक इसमें किसी तरह की बाधा नहीं आई है। हालांकि, आगे आपूर्ति जारी रहने को लेकर चिंता है, क्योंकि प्रतिबंधों के चलते भारत रूसी कंपनियों को भुगतान नहीं कर पा रहा है। सूत्रों ने बताया कि हाल में रूस से जो रक्षा उपकरण मिले है।

## खरगोन हिंसा : खुर्शीद ने मकान गिराए जाने पर जताई चिंता, कहा-बंटा हुआ देश कभी दुनिया पर राज नहीं कर पाएगा

**नई दिल्ली।** देश के कुछ राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा के बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने शुक्रवार को कहा कि एक विभाजित राष्ट्र कभी भी दुनिया पर राज नहीं कर पाएगा। दरअसल खुर्शीद ने यह बात रामनवमी पर मध्य प्रदेश के खरगोन में हुई हिंसा को लेकर कही और साथ ही सरकार से लोगों के बीच डर की जगह विश्वास बढ़ाने की बात कही। खुर्शीद ने मध्य प्रदेश के खरगोन में सांप्रदायिक झड़पों के एक दिन बाद रामनवमी के जुलूस पर हुए हमले में शामिल कुछ लोगों के घरों को तोड़े जाने का जिक्र करते हुए एक फेसबुक पोस्ट की। उन्होंने लिखा, ठमुसलमान, हमेशा की तरह राष्ट्र के लिए अपनी जान दे देंगे। लेकिन जब उनके बच्चों पर बेवजह नफरत से हमला किया जाता है, तो उन्हें दुख होता है। जब राज्य सरकार कानून के शासन को दरकिनार कर घरों को नष्ट करने का विकल्प चुनता है और देशभक्ति के लिए क्या सम्मान बचा है भाजपा और उनके नेताओं पर कटाक्ष करते हुए खुर्शीद ने आगे कहा कि स्व-प्रचार के लिए मुस्लिम नागरिकों पर हमला करने वाली सरकारों और गैर-राज्य नेताओं को यह महसूस करना चाहिए कि वे हिंदू-मुस्लिम एकता के महान सपने हमारे गणतंत्र की आधारशिला और सामाजिक सद्भाव के बंधन पर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने सरकार पर हमला



बोलते हुए कहा कि एक विभाजित राष्ट्र कभी भी दुनिया पर शासन नहीं कर सकता, इसलिए घर पर फूट डालो और राज करो की नीति को छोड़ दें। बता दें कि रामनवमी के जुलूस के दौरान रविवार को कुछ राज्यों में पथराव की कई घटनाएं सामने आई थी जिसमें कई लोग घायल भी हुए थे। वहीं मप्र के खरगोन में जिला प्रशासन और पुलिस ने रामनवमी के जुलूस पर हुए हमले में शामिल लोगों के अवैध भवनों को ढहा दिया था। अधिकारियों ने करीब 45 घरों और दुकानों पर बुलडोजर चलाया था और करीब 16 घर और 29 दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। दूसरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को खरगोन हिंसा के पीडितों को उनके घरों के पुनर्निर्माण का आश्वासन दिया है। चौहान ने कहा, खरगोन में गरीबों के घर जलाए गए थे। उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि 'मामा' उनके घर बनाएंगे।

## केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए खत्म किया जाए सांसदों का कोटा, सुशील कुमार मोदी ने शिक्षा मंत्री से की अपील

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से केंद्रीय विद्यालयों के दाखिले में सांसदों और जिलाधिकारियों के कोटे को होल्ड पर रखने की बजाय खत्म करने की गुजारिश की है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सुशील मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि केंद्रीय विद्यालयों के दाखिले में सांसदों और जिलाधिकारियों कोटे को अगले आदेश तक टालने का फैसला किया गया है। मैं शिक्षा मंत्री से गुजारिश करता हूं कि वह सांसदों और जिलाधिकारियों का कोटा खत्म करने पर तत्काल फैसला लें। उक्त कोटा लगभग 30,000 सीटों का है सुशील मोदी ने कहा कि बच्चों को उनकी योग्यता के आधार पर केन्द्रीय विद्यालयों में पढ़ने का मौका मिलना चाहिए। एक समय था जब एलपीजी, टेलीफोन और अन्य पर सांसदों का कोटा खत्म कर दिया गया था तो यह कोटा क्यों चल रहा है। इसे भी खत्म कर दिया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी के पास विवेकाधीन शक्ति नहीं होनी चाहिए। यह एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में उचित नहीं है। इसी वजह से हम यह मांग कर रहे हैं सुशील मोदी ने कहा कि एक सांसद के पास सौ लोग आते हैं



और केंद्रीय विद्यालयों में दाखिला दिलाने के लिए केवल 10 कोटा है। ऐसे में बाकी लोगों को नाराज करना ठीक नहीं होगा। यह चुनाव हारने का एक बड़ा कारण है। मालूम हो कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने एक परिपत्र में बताया है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्कूलों में एडमिशन के लिए सांसदों और जिलाधिकारियों के कोटे पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दिया है।

## बाल रोग विशेषज्ञ का सुझाव स्कूलों को बंद करने की जरूरत नहीं, कोरोना के केस मिलने पर उठाएं जरुरी कदम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना के केस फिर बढ़ने लगे हैं। इस बार कोरोना के मामले स्कूलों में सामने आ रहे हैं। जिसके चलते सरकार को फिर से पाबंदियां लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि, दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डा स्मिता मल्होत्रा ने सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना के केस मिलने के बाद स्कूलों को बंद करने की कोई आवश्यकता नहीं है। बल्कि इसके बजाय एहतियाती उपाय करने चाहिए। दरअसल, बाल रोग विशेषज्ञ डा स्मिता मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षक और छात्रों में कोविड-19 के लक्षण मिले हैं। ऐसे में उनके पाजिटिव मिलने के बाद स्कूलों को बंद करने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि स्कूली शिक्षा बच्चों के विकास का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। यहां बच्चों का शैक्षिक विकास, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक पहलुओं का विकास होता है।



इसलिए निश्चित रूप से अभी स्कूलों को बंद करने की कोई जरुरत नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि मानक सावधानियां जो दूसरों के लिए हैं, उसका स्कूलों में भी पालन होना चाहिए। बच्चों के लिए स्कूलों में बार-बार हाथ धोना और अच्छा वेंटिलेशन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके अलावा उनकी उचित जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि आपको लगता है कि किसी बच्चे में मामूली लक्षण भी हैं, तो उस बच्चे को कुछ दिनों के लिए घर पर रहने के लिए कहा जाए। डाक्टर मल्होत्रा का यह भी मानना है कि बढ़ती उम्र के दौरान बच्चे विभिन्न प्रकार के वायरस के संपर्क में आते हैं और जब भी मौसम बदलता है या उन विशेष वायरस का कोई मौसम होता है, तो वे वायरल संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक चिंता का विषय यह है कि इतनी तेजी से नहीं फैलनी चाहिए कि यह स्कूलों पर ही हावी हो जाए। उन्होंने बताया कि स्कूलों के फिर से खुलने के बाद बच्चों के होने की कुछ खबरें आई हैं, लेकिन उन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं है। उनमें हल्के फ्लू जैसे लक्षण हैं और स्कूलों के फिर से खुलने के बाद मामलों में मामूली रुप से वृद्धि हुई है। विशेष रूप से, दिल्ली में पिछले 24 घंटों में लगभग चार प्रतिशत (3.95 प्रतिशत) की सकारात्मकता दर के साथ 366 कोविड मामले दर्ज किए गए है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ दिनों में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

## पीएम मोदी आज गुजरात के मोरबी में करेंगे भगवान हनुमान की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

**नई दिल्ली।** आज हनुमान जन्मोत्सव है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के मोरबी में



भगवान हनुमान की 108 फीट की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। बता दें कि आज देशभर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिल रही है। शहरों में शोभायात्राएं भी आज निकाली जाएंगी, जिसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, 'हनुमानजी चार धाम परियोजना के तहत देश भर में चार दिशाओं में स्थापित की जा रही चार मूतियों में से यह दूसरी प्रतिमा है।' पीएमओ ने बताया कि इस मूर्ति को देश के पश्चिमी हिस्से में, मोरबी में परम पूज्य बापू केशवानंद जी के आश्रम में स्थापित किया गया है। पीएम कार्यालय ने आगे कहा, 'हनुमानजी चार धाम प्रोजेक्ट के श्रृंखला की पहली मूर्ती उत्तर में हिमाचल प्रदेश के शिमला में 2010 में स्थापित की गई थी, जबकि दक्षिण में रामेश्वरम में तीसरी प्रतिमा पर काम शुरू हो गया है।' बता दें कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का शुभ दिन 16 अप्रैल, शनिवार को पड़ रहा है। शनिवार होने के कारण इस हनुमान जन्मोत्सव का महत्व कहीं अधिक बढ़ गया है। आपको बता दें कि हिंदू पंचांग के अनुसार, साल में दो बार हनुमान जन्मोत्सव पड़ता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भगवान हनुमान के जन्म को लेकर थोड़ा सा मतभेद है। रामायण के अनुसार माना जाता है कि पवन पुत्र का जन्म कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हुआ था। वहीं दूसरे मत के अनुसार माना जाता है कि हनुमान जी का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन हुआ था।

## अनुसूचित जनजाति के लिए केंद्र सरकार ने विपक्ष से ज्यादा काम किया: भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि पिछले आठ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा



अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के कल्याण के लिए ढेरों कार्य किए हैं। प्रवक्ता गौरव ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए यह दावा किया कि पिछले आठ वर्षों में एऊ के लिए जितना काम हुआ है, वह छह लंबे दशकों तक शासन करने वाली विपक्षी पार्टियों में भी नहीं हुआ मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते वक्त भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद में आठ सदस्य एसटी समुदाय के हैं। यह सभी सदस्य समाज का नेतृत्व करने और समुदाय को उचित समर्थन, सम्मान और प्रोत्साहन सुनिश्चित करने की स्थिति में हैं। भाटिया ने आगे कहा, 'मोदी सरकार के तहत भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हर साल 15 नवंबर को मनाई जाती थी। इससे समाज में यह भावना भी पैदा होती है कि हर समाज के सम्मानित व्यक्ति विशेष हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति और भारत को एक स्वतंत्र देश बनाने में योगदान दिया है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, 'पीएम मोदी ने एससी/एसटी समाज के बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय पर जोर दिया और इस योजना के तहत अगले पांच वर्षों में 452 नए स्कूल बनाए जाएंगे और 211 का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा, 'एससी/एसटी छात्रों की बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के ठीक बाद, बजट में पहले ही 1,100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। 2021 में बजट को 1,100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 6,000 करोड़ रुपये कर दिया गया था। भाटिया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने स्टैंड अप इंडिया योजना की शुरुआत की, जिसके चलते आज एससी/एसटी समाज और महिलाओं को कर्ज की सुविधा दी जा रही है।

## महाराष्ट्रः माटुंगा स्टेशन के पास पटरी से उतरी दादर-पुडुचेरी एक्सप्रेस

**माटुंगा।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के पास माटुंगा स्टेशन पर शुक्रवार रात को सीएसएमटी गडग एक्सप्रेस से टकराने के बाद दादर-पुडुचेरी एक्सप्रेस



के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे जिसके कारण स्टेशन पर सामान्य सेवा शनिवार को बाधित है। मध्य रेलवे की ओर से उम्मीद जताई गई है कि आज दोपहर तक सेवाएं सामान्य हो गई है। उल्लेखनीय है कि मुंबई सीएसएमटी गडग एक्सप्रेस से टकराने के बाद दादर-पुडुचेरी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस घटना में अब तक किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। रेलवे पुलिस कमिश्नर कैसर खालिद ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और यात्रियों को तुरंत सुरक्षित निकाला गया। सेंट्रल रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। फिलहाल दोनों ट्रेनों दादर पुडुचेरी एक्सप्रेस और णएश्ऊ-गडग एक्सप्रेस को रद कर दिया गया है । सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ ने बताया, 'अगले तीन दिनों के बीच किसी भी पीआरएस केंद्र पर रद किए गए ट्रेन के लिए यात्री रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने आज बताया, तीन डिब्बों की री-रेलमेंट, ओएचई वायर और ट्रैक फिटनेस का काम किया जा रहा है।

## बिहार में फिर सवर्ण कार्ड पर दांव लगाने की तैयारी में कांग्रेस, नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा जल्द; दावेदारों की दौड़ में कई नेता

**नई दिल्ली।** राज्यों में संगठनात्मक बदलावों को धीरे-धीरे अमलीजामा पहनाने में जुटी कांग्रेस बिहार के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति में सूबे के सामाजिक समीकरणों की सियासी हकीकत को दरकिनार करने का जोखिम नहीं उठाना चाहती। विशेषकर इसलिए भी कि उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में करारी हार के बाद पार्टी नेतृत्व पर जमीनी राजनीतिक धरातल की अनदेखी नहीं करने का गहरा दबाव है। इसके मद्देनजर ही पार्टी बिहार के नए कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति में नया जोखिम उठाने की बजाय अपने परंपरागत सामाजिक आधार को फिर से वापस लाने की रणनीति के तहत सवर्ण चेहरे पर ही दांव लगाने की तैयारी में है। कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव से पहले राज्यों के संगठन में हो रहे बदलाव के क्रम में बिहार में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा अगले चंद दिनों में ही हो जाने के पुख्ता संकेत हैं और प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए जिन चेहरों को प्रबल दावेदारों में गिना जा रहा उससे साफ है कि कांग्रेस सूबे में संगठन की कमान एक बार फिर किसी ब्राह्मण को सौंप सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर बिहार के कई वरिष्ठ नेताओं से सलाह-मशविरे का काम पूरा कर लिया है और पार्टी कार्यकर्ताओं की फीडबैक भी ली गई है। राहुल ने दो दिन पहले ही मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मदन मोहन झा



को बुलाकर बात की थी और उन्होंने नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंप भी दिया था। इसके बाद से ही कांग्रेस के सियासी गलियारों में बिहार कांग्रेस की बागडोर एक बार फिर ब्राह्ममण चेहरे को सौंपने की चर्चा गरम है और इस रेस में सूबे के वरिष्ठ नेता विजय शंकर दुबे के साथ प्रेमचंद्र मिश्र को प्रबल दावेदारों में गिना जा रहा है। पुराने चेहरों के साथ बार-बार किए गए प्रयोग के विफल होने को देखते हुए पार्टी का एक वर्ग कार्यकर्ताओं के बीच के नए चेहरे को आगे लाने की पैरोकारी करते हुए किशोर कुमार झा का नाम भी आगे बढ़ा रहा है। वहीं विधान परिषद चुनाव के ताजा नतीजों के बाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूमिहार समुदाय के प्रमुख चेहरों में शामिल अनिल शर्मा भी एक बार फिर अपनी संभावनाओं को सफल बनाने की कसरत में जुट गए हैं। प्रदेश कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मदन मोहन झा मिथिलांचल से ताल्लुक रखते हैं और ऐसे में उत्तर बिहार के किसी नेता को इस बार संगठन की बागडोर सौंपी जा सकती है और इस लिहाज से विजय शंकर दुबे की दावेदारी सबसे प्रबल है। हालांकि कांग्रेस को सूबे में अभी जैसे अत्यधिक सक्रिय कप्तान की जरूरत है उसमें दुबे का उम्रदराज होना उनके आड़े आ सकता है और वे पूर्व में एक बार पार्टी भी बदल चुके हैं। मिथिलांचल से आने वाले प्रेमचंद्र मिश्र उम्र की कसौटी पर तो खरे उतरते दिख रहे हैं मगर उनका डांवाडोल राजनीतिक सफर उनकी राह में चुनौती बन सकता है। मिश्र को चार बार लगातार विधानसभा चुनाव में हार मिली है और वे भी एक बार कांग्रेस छोड़ कर समता पार्टी में गए थे। वहीं कभी पूर्व सीएम जगन्नाथ मिश्र के सहयोगी रहे किशोर कुमार झा कांग्रेस के प्रति निष्ठावान तो रहे हैं मगर राजद से गठबंधन की लगातार खिलाफत और बेबाकी उनकी दावेदारी में रोड़ा बन सकती है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास अब भी सूबे में दलित समुदाय को संगठन की बागडोर सौंपने के पक्षधर बताए जाते हैं और वे विधायक राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की पैरोकारी कर रहे हैं। मालूम हो कि कुछ महीने पहले राजेश राम को अध्यक्ष बनाने की तैयारी लगभग पूरी हो गई थी।



# गुड-फ्राइडे पर गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थनाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** प्रभु यीशु की याद में शुकवार को गुड-फ्राइडे जा रहा है। शहर के सभी गिरजाघरों में विशेष



प्रार्थनाएं हुई वहीं गुड-फ्राइडे की पूर्व संध्या पर पवित्र चर्चों में विशेष प्रार्थनाओं के साथ कई आयोजन किये गये है। गिरजाघरों में ईसा मसीह के संदेश प्रसारित किए गए। चर्चों में परम प्रसाद का कार्यक्रम हुआ तो कहीं प्रभु यीशु का संदेश, जीवन याद कर प्रतीक के तौर पर शिष्यों के पैर धुलाए गए। मसीही समुदाय के लोगों का कहना है कि प्रभु ईसा मसीह को क्रूस पर चढ़ाने से पहले उन्होंने अंतिम बार अपने शिष्यों के साथ भोजन किया था। इस दौरान विनम्रता का परिचय देते हुए यीशु ने शिष्यों के पैर धोए थे। इसके साथ ही ईसाई समुदाय के महत्वपूर्ण संस्कार परम प्रसाद की स्थापना हुई थी। आज चर्चों में कई आयोजन किये गये। बच्चों ने प्रभु की याद में गीत गाए। कई जगहों पर झांकी सजाई गई। सिविल लाइंस स्थित गिरजाघर, लाल गिरजा, यूनियन चर्च, मैथोडिस्ट चर्च में मसीह समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु की प्रार्थना की।

# करेली बमकांड: चुनाव में दहशत फैलाने वाला एक और 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव में बमबाजी कर दहशत फैलाने की साजिश रचने वाले 25 हजार के इनामिया 6 आरोपियों में से एक करैली निवासी अनिस को एसटीएफ़ ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपी को डीएसए ग्राउंड के पास फ़्लाइओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। मतदान के दौरान ही 27 फरवरी को कब्रिस्तान के अंदर से बम मारकर सड़क पर चल रहे साइकिल सवार अर्जुन की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने गौसनगर करेली के रहने वाले हसन, मस्तान मार्केट करेली के मोइनुद्दीन और आसिफ को गिरफ्तार किया गया था। इसी सोमवार को एक और आरोपी को पकड़ा गया था। एसटीएफ़ का दावा था कि इन्हीं सब ने मिलकर बम से हमला किया था। इनको शाफिल ने बम चलाने के लिए दो बम मुहैया कराया था। इस बात का खुलासा नहीं हो कि रुपये लेकर साजि़श की



या फिर कोई दूसरा लालच दिया गया था। एसटीएफ़ का कहना था कि वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पर्दाफाश होगा। इस वारदात में शामिल अन्य इनामिया आरोपी गौसनगर निवासी शाफिल व राशिद, शाहगंज निवासी दानिश और कसारी मसारी निवासी फैज अंसारी फरार हैं।

# प्रतापगढ़ में सत्ताधारी भाजपा और राजा भैया की प्रतिष्ठा है दांव पर

**प्रयागराज।** प्रतापगढ़ में विधान परिषद सदस्य (स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र) के चुनाव में सत्तारुढ़ दल भाजपा व जनसत्ता दल लोकतांत्रिक अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसके साथ ही मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के दो विधायकों की भी साख फंसी हुई है एमएलसी की स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र की सीट पर वर्ष 1998 में पहली बार रघुराज प्रताप सिंह के करीबी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपालजी निर्वाचित हुए थे। दोबारा 2004 में हुए चुनाव में अक्षय प्रताप फिर चुने गए। वर्ष 2004 में अक्षय प्रताप सिंह के सांसद निर्वाचित होने पर रिक्त हुई सीट पर उप चुनाव में राजा भैया के करीबी आनंद भूषण सिंह बब्बू राजा निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। फिर पिछले दो चुनाव में अक्षय प्रताप सिंह रिपीट हुए। पिछले दो चुनाव वे सपा के टिकट पर लड़े थे।





# शांति भंग के तहत तीन गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** कोतवाली अंतर्गत आटा बाबूगंज निवासी मोहित कुमार बिंद उम्र 20 वर्ष पुत्र राज कुमार, राकेश कुमार बिंद उम्र 25 वर्ष पुत्र राम आसरे, राम कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र राम आसरे निवासी आटा बाबूगंज थाना फूलपुर को जमीनी विवाद के चलते आमादा फसाद फौजदारी के दृष्टिगत थाना अध्यक्ष अमित कुमार राय के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एसआई माजिद खान, कांस्टेबल पुनीत कुमार द्वारा शांति व्यवस्था के तहत विधिक कार्यवाही की गई।

# रावतपुर में प्रधान का है अपना नियम कानून, सरकारी धन का दुरुपयोग

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही पारदर्शी शासन एवं जन-जन को लाभ पहुँचाने का प्रयास कर रहे हों पर विकासखंड लक्ष्मणपुर के कुछ गाँवों में प्रधानों के लिए इसका कोई मायने नहीं।वे ग्राम पंचायत के धन का दुरुपयोग करके अपनी हवेली ऊँची करने में लगे हुए हैं।ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत रावत रावतपुर का है जहाँ कक्षा 5 उत्तीर्ण प्रधान शकुंतला सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही हैं।वह नाम की प्रधान हैं जबकि उनका काम उनके ही परिजन ओम प्रकाश सरोज जो ग्राम पंचायत अधिकारी हैं वह स्वयं करते हैं और कमाई के पेंच से भलीभांति परिचित वह ग्राम पंचायत के धन को इधर-उधर करने में लगे रहते हैं।कुछ माह पहले ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि ग्राम प्रधान ने एक ऐसे व्यक्ति के जमीन के समतलीकरण के नाम पर रू062832 एवं रू0 56100 निकाल कर ग्राम पंचायत अधिकारी के साथ बंदरबाँट कर लिया जिसके खेत का समतलीकरण ही नहीं हुआ था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने ग्राम पंचायत में बने मिलन केंद्र को तोड़वा कर उसकी ईंट और सरिया को बेच लिया।न तो नियमपूर्वक उसकी मुनादी करवाया न ही नीलामी करवाया। उन्होंने ओने पौने दाम पर इन चीजों को बेचकर अपना लाभ उठाया। ग्राम पंचायत अधिकारी भी प्रधान के इस काम में सह भागीदार हैं।अलावा एडीओ पंचायत महोदय भी शिकायत करने के बावजूद भी ग्रामीणों की नहीं सुनते हैं।वह ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान के पक्ष में रहते हैं जिससे शासन के धन का दुरुपयोग हो रहा है।ग्रामीणों ने ऐसी प्रधान के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की माँग की है और शासन के धन के दुरुपयोग करने पर रोक लगाने की गुहार लगाई है।साथ ही सरकारी सेवा में रहते हुए ग्राम प्रधानी करने वाले ओमप्रकाश सरोज के विरुद्ध भी कार्यवाही करने की माँग की है।

# महीने भर में ही टूट गया आर.ओ.बी. का लोहिया डिवाइडर

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

फूलपुर। फूलपुर तहसील के पास बने रेलवे ओवर ब्रिज जो ब्रिज कांस्ट्रॉक्शन तथा लोक निर्माण खंड-3 द्वारा बनाया गया था। ओवर ब्रिज की सड़क तथा लोहे के डिवाइडर टूट गए थे। अभी माह भर पूर्व उक्त विभागों ने मरम्मतीकरण किया। परन्तु दिन-रात भारी वाहनों ने पुनः तोड़ डाला। पुल से सटे तहसील परिसर है। पर न तो एसडीएम न तो तहसीलदार निगाह नहीं डालते। नई सरकार की बुलडोजर व्यवस्था का भी भय उपरोक्त विभाग को नहीं है।



# फ्लालेस एंड फियरलेस संस्थ ने आयोजित किया ईद मेला

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज करेली।** फ्लावर्स एंड फीयरलेस संस्था की ओर हुनरमंद महिलाओं की प्रतिभा को निखारने और जरूरतमंद महिलाओं की मदद के मकसद से आयोजित दो दिनी ईद मेला शनिवार से प्रारंभ हुआ,नुरुल्लाह रोड स्थित शगुन पैलेस में लगे मेले में तकरीबन 45 स्टाल सजाए गये। मेले में एक छत के नीचे तरह-तरह की जरूरत की चीजें देखकर महिलाएं ज्यादा उत्साहित रहीं, मेले में हर धर्म जाति के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, मेले में करेली मीरापुर स्टैनली रोड, सिविल लाइंस ,अतरसुइया सहित शहर के कई क्षेत्रों से आई महिलाओं ने स्टाल लगाए थे संस्था अध्यक्ष असरा नवाज़ कि देख रेख में लगे मेले में शगुन पैलेस के ओनर शाहिद कमाल खान बबलू सहित कोमल श्रीवास्तव ,तूहीना द्विवेदी ,फातिमा इकबाल,कुलसुम खान,नसरा सिद्दीकी, अतुल्या सिंह,काजमीन सिद्दीकी सहयोगी रहीं।



# जानलेवा हमले में एक घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर ।** कोतवाली के विजय कुमार चौरसिया पुत्र राम सुख चौरसिया निवासी ग्राम दरियापुर थाना फूलपुर में एक मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। जिसमें अपनी तहरीर में विजय कुमार ने दर्शाया है। कि उनका भाई अपनी टाटा मैजिक से लिलहट नहर के रास्ते दिनांक तेरह अप्रैल रात्रि दस बजे घर आ रहा था। तभी अज्ञात लोगों ने मेरे भाई पर फायर कर दिया। जो दाहिने हाथ की कुहनी पर लगी। विजय कुमार ने भाई की दूसरी पतने सावित्री देवी जो झूंसी में रहती है। मेरे भाई का उससे विवाद चल रहा है। उसी ने जान लेवा हमला कराया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने तहरीर लेकर चौकी इंचार्ज विनय कुमार मिश्र को मुकदमे की विवेचना सौंपी है।

# रमजान का पहला अशरा बीता दूसरा शुरू

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर ।** पवित्र माह रमजान जो 30 रोजों पर आधारित है और तीन खंड अर्थात 3 अशरो में विभाजन है।



तीनों अशरों की अलग-अलग अहमियत है। पहला 10 दिनी अशरा अल्लाह की रहमतों का तथा दूसरा 10 दिनी अशरा इंसान की मगफिरत का तथा तीसरा 10 दिनी अशरा जहनन्म से आजादी दिलाने का कहा गया है। इसीलिए इस पवित्र माह में दिल खोलकर दान पुण्य किया जाता है। गरीबों मोहताजो को फितरा जकात की रकम से मदद की जाती है। वही इफ्तारी भी गरीबों को भेजी जाती है। अर्थात नेक कमाई और आखरत बनाने का सबसे पवित्र एवं उत्तम माह यही रमजान माना जाता है। रमजान माह में दिन जुमा की बहुत अहमियत है। पहले अशरे में एक जुमा बीता आज शुक्रवार को रमजान का दूसरा जुमा है। ऐसे में मस्जिदों में बच्चे बूढ़े बुजुर्ग इस महत्वपूर्ण नमाज में शामिल होकर अपनी तथा अपने परिवार रिश्तेदारों अजीजो की खुशहाली तरक्की 2 जून की रोटी तथा रोजी में तरक्की बरकत की दुआये मांगते हैं। बैंक खाते में जमा पैसों अर्थात ?100 पर ढाई रुपया एवं एक लाख जमा पर ढाई हजार जकात निकाल कर गरीबों मोहताजो को ईद की खुशियां बांटी जाने का हुकुम इस्लाम द्वारा दिया गया है। जिससे गरीब लाचार मजबूर की भी ईद हो सके।

# डॉक्टर अंबेडकर जयंती पर पहाड़पुर में हुई दौड़ प्रतियोगिता

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विकास खंड लालगंज के पहाड़पुर गाँव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 100 मीटर की एक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन अतिथि के रूप में मोतीलाल चौधरी एवं बाबूलाल पटेल मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर संतोष पाल ने की।इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद यादव,अमरनाथ यादव ने अपना विचार रखा।शिव मूर्ति वर्मा,



किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में रायबरेली के रोनू अली को प्रथम, स्थान मिला,द्वितीय स्थान लालगंज के प्रवीण मौर्य और तृतीय स्थान दखिनहन का पुरवा पहाड़पुर के उमेश यादव को प्राप्त हुआ।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जीत लाल पटेल बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित थे लेकिन एक बार पुनः हुआ स्वयं न उपस्थित होकर अपनी पतनी विमलेश पटेल को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भेज दिए। विमलेश पटेल ने प्रतिभागी धावकों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया। विशिष्ट लखपति क्रांतिकारी, राजेंद्र पाल,नंदलाल मोर्य, पारसनाथ मौर्य,अखिलेश यादव, कमलेश प्रजापति,उमाशंकर यादव, रेखा मौर्या, पुष्पा यादव,कालीचरण,रियाज भाई आदि लोग मौजूद रहे। लोगों के बीच यह भी चर्चा रही विधायक महोदय जब से चुने गए हैं चाहे जिस कार्यक्रम में उन्हें मुख्य अतिथि के रुप में बुलाया जाय वह आना गँवारा नहीं समझते हैं। लोगों का कहना है कि यह पहले विधायक हैं चुने जाते ही लोगों से दूरी बनाने लगे हैं।साथ ही किसी का काल रिसीव करना वह मुनासिब नहीं समझते।

# फूलपुर में एमएलसी चुनाव सकुशल संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** इलाहाबाद कौशांबी स्थानीय निकाय चुनाव शनिवार सुबह 8 बजे से शाम 4:00 बजे तक ब्लाक फूलपुर में सकुशल संपन्न हो गया। फूलपुर में 88 बीडीसी 67 प्रधान 14 सभासद कुल 169 मत थे। जो सत प्रतिशत पड़ गए किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना अथवा अव्यवस्था नहीं हुई थाना फूलपुर द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई थी बता दें कि सपा प्रत्याशी बासुदेव यादव एवं भाजपा के के पी श्रीवास्तव में सीधी टक्कर रही।



# मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** प्रत्येक रविवार सुबह 10 बजे से अपराहन 4 बजे तक समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य कैंप लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं उनके उपचार हेतु समुचित कार्यवाही, बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया, पूर्ण टीकाकरण, परामर्श आदि की सुविधाएं प्रदान करते हुए जन आरोग्य मेले का आयोजन होता है। मैलहन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र




पर बीती फरवरी 9/ 2/ 2022 को अंतिम मेले का आयोजन हुआ था। फिर चुनाव आचार संहिता के कारण बंद कर दिया गया था। आज रविवार को पुनः उक्त स्वास्थ्य मेला डॉक्टर विनोद पटेल के नेतृत्व में शुरू किया गया। जिसमें 35 मरीजों ने पंजीकरण कराया एवं दवाएं ली। हालांकि ग्रामीण इलाके का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होने के कारण दवाओं का टोटा भी रहता है। अधीक्षक सुनील पांडेय द्वारा अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था हेतु पैसे ना देना, अस्पताल के सभी पंखे व बल्ब अर्सा से खराब पड़े होने, खिड़कियों के शीशे आदि टूटे होने की शिकायत आम रही। यहां पेयजल जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था कई वर्षों से मुंह चिढ़ा रही है। चिलचिलाती गर्मी में लोग दुकान पर पानी लेने जाते हैं। बताया जाता है। कि नए सीएमओ द्वारा आज तक यहां का निरीक्षण नहीं किया गया। आरोग्य मेले में महत्वपूर्ण त्यौहार रामनवमी होते हुए भी फामीसिस्ट अच्छेलाल पटेल, बीनू एएनएम, बीबी शुक्ला, मोहम्मद नसीम, आशा चंद्रकली, मीरा यादव, प्रभा पांडेय, नेहा वर्मा आदि लोग मौजूद रही।

# इं0पुनीत अरोरा जी बने उ0प्र0 राज्य औद्योगिक संघ के मीडिया प्रभारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ ने द जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव एवं आधुनिक समाचार दैनिक के संपादक इं0पुनीत अरोरा को मीडिया प्रभारी बनाया है। संघ के महासचिव मनीष शुक्ला निदेशक ओवरसीज फूड प्राइवेट लिमिटेड ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।इंजीनियर पुनीत अरोरा ने कहा कि वह संघ की मजबूती के लिए भरसक प्रयतन करेंगे।साथ ही औद्योगिक क्षेत्र एवं उद्योग के विकास में निश्चय ही कुछ नया करके दिखाने का प्रयतन करेंगे।उनके नए दायित्व पर द जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ0रणजीत सिंह एवं महासचिव रचना त्रिवेदी ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए आशा जताई है कि वह राज्य औद्योगिक संघ को एक नई दिशा और दशा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।




# गजल सम्रा ने ख्यातिलब्ध सत्म्भकार अमित की पुस्तक समोसा का यिा विमोचन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रायागराज।** वर्चुअल अुये एककार्यकम मे मशहूर गजल गायक पंकज उधास ने प्रख्यात लेखक और स्तम्भकार अमित




राजपूत की किताब समोसा का अनावरण किया। अमित की 5 पीं और अब तक की पहली फिक्शनल किताब है इसका प्रकाशन इंक पब्लिकेशन प्रयागराज द्वारा किया गया है। इससे पहले अपनी पहली पुस्तक अंतर्वेद प्रवार से सुर्खियां बटोरने वाले लेखक और दुनिया के सबसे युवा स्तम्भकार के खिताब से विभूषित अमित राजपूत के पहले कहानी संग्रह समोसा का विमाचन हुआ। इस मौके पर श्री उधास ने कहा कि अमित की लंखनी में अलग अंदाज और अनुभव है। मशहूर फिल्म डिजाइनर सलीम आरिफ ने कहा कि अमित राजपूत मौजूदा पीढी के अपना अलग दृष्टिकोण रखने वाले लेखक है। इसकी विविधता गांव से लेकर कस्बा और शहरों से लेकर महानगरों तक के हर वर्ग के पाठको को सरलता से अपनी ओर आकर्षित करेगी। ऐसे में दिलचस्प है कि इस एक किताब में प्रेम के सात अलग–अलग रंग पाठको को मिल सकेंगे।

# कोड़ापर में नवरात्रि के समापन अवसर पर झांकी के साथ निकला जुलूस

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर (प्रयागराज)।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कोड़ापर गांव से रविवार देर शाम नवरात्रि के समापन अवसर पर भव्य झांकी वा डीजे बैंड बाजे के साथ विशाल



जुलूस ब्लाक प्रमुख फूलपुर बिपेंद सिंह पटेल के नेतृत्व में निकाला गया जिसमे भक्तो में जबरजस्त उत्साह दिखाई दिया । समाज सेवी श्याम बाबू गुप्ता ने उक्त झांकी और जुलूस के व्यवस्था में अपने टीम के साथ जुटे रहे झांकी के कलाकारों ने जहा माता के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन कराया वही मां काली दुर्गा के रूपों पर अपने कलाओं प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया । झांकी जुलूस कोड़ापर गांव से निकल कर भमईहुसाम गंज कमली तिराहा होते हुए दीवानगंज पहुंचा जहा उत्साहित भक्तो ने झांकी का स्वागत करते हुए देवी के विभिन्न रूपों का दर्शन कर फूल माला वा प्रसाद चढ़ा कर पूजन अर्चन किए झांकी वापस दरियापुर श्रीराम जानकी मंदिर पहुंच कर प्रसाद के साथ समाप्त हुई झांकी और जुलूस में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के क्षेत्रीय पुलिस के हल्का एस आई माजिद खान के साथ पुलिस टीम जमी रही। मौके पर भाजपा के फूलपुर मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता,वरुणा मंडल अध्यक्ष समर जीत मौर्य , पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष जगदीश गुप्त,मोनू गुप्ता,सौरभ गुप्ता,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# नैनी जेल में बंद प्रयागराज के ब्लाक प्रमुख की पांच संपत्ति होगी कुर्क

प्रयागराज, । यूपी की दूसरी बार सत्ता में आई योगी आदित्यनाथ की सरकार ने एक बार फिर माफियाओं, अपराधियों पर सख्ती तेज कर दी है। इसी क्रम में प्रयागराज में भी इसे लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में कौड़िहार ब्लाक प्रमुख मुजफ्फर पर भी कार्रवाई होगी। नैनी जेल में बंद ब्लाक प्रमुख की संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा। ब्लाक प्रमुख पर कई मामलों में मुकदमा दर्ज है। प्रयागराज के नैनी जेल में बंद कौड़िहार ब्लाक के ब्लाक प्रमुख मुजफ्फर की पांच संपत्तियां कुर्क करने का आदेश हो गया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश के अनुपालन में पुलिस ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। धूमनगंज थाना क्षेत्र में ब्लाक प्रमुख की पांच संपत्तियां ऐसी हैं, जिन्हें आज कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।



## सम्पादकीय

# किसानों की दशा और गावों की अर्थव्यवस्था को सुधारना है तो सरकार करे यह काम................


रद किए जा चुके तीनों कृषि कानूनों की समीक्षा को लेकर गठित समिति के इस दावे के बाद भले ही सननटा पसरा हो कि इन कानूनों से करीब 85 प्रतिशत किसान संगठन संतुष्ट थे, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि किसानों की समस्याओं का समाधान हो गया है। या फिर उनकी और खासकर आम किसानों की समस्याओं पर विचार करने की आवश्यकता नहीं। तीनों कृषि कानून किसानों और खेती को बंधनमुक्त कर कृषि क्षेत्र के व्यवसायीकरण और आधुनिकीकरण की राह बनाने वाले थे। मौजूदा माहौल में कृषि कानून पुनः वापस आने से तो रहे, लेकिन सुधारों के रास्ते तो बनाए ही जा सकते हैं। अब रास्ते क्या हैं? इस पर समग्रता से विचार की आवश्यकता है। यह प्रशन अभी अनुत्तरित है कि कृषि उत्पादों का मूल्य तंत्र किस प्रकार किसान या पशुपालक के नियंत्रण में लाया जा सकता है 'उपज हमारी और कारोबार तुम्हारा' क्यों चलना चाहिए आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कोई संकल्पना ही नहीं बन पा रही है, क्योंकि हमारे ग्राम अब अर्थव्यवस्था की आधारभूत इकाई नहीं रह गए हैं। जीडीपी में कृषि-पशुपालन का भाग मात्र 16 प्रतिशत रह गया है। गांव श्रमिक सप्लाई के केंद्र बनकर रह गए हैं। विकास के जनपदीय अभिलेखों में गांव निर्जीव होकर मात्र संख्यात्मक डाटा कलेक्शन तक ही सीमित हैं। गांव विशेष की आर्थिक स्थिति क्या है गांव घाटे में हैं या लाभ में रोजगार का स्तर क्या है कितने श्रमिक जीविका के लिए बाहर हैं मुख्य फसल कौनसी है, फसलों की उपज कितनी है, कितना सरप्लस गांव से निर्यात हुआ ये किसी के न सवाल हैं न विषय। कृषि मंडी का विचार मूलतः कृषि उत्पादों के भंडारण और विपणन के लिए ही लाया गया था, ताकि किसानों को बाजार मिले, लेकिन समय के साथ उस पर आढ़तियों, दलालों और क्षुद्र राजनीतिक सुविधाजीवियों का कब्जा हो गया। अंततः यह क्रमशः कृषकों विशेषकर मध्यम एवं छोटे किसानों के शोषण की व्यवस्था में परिवर्तित होता गया। आज कृषकों के पास मंडी का कोई विकल्प ही नहीं है। वे अपने उत्पाद बाहर नहीं बेच सकते। जब मंडी कानून बने थे तब तक व्यावसायिक उदारीकरण का जमाना नहीं आया था। जब फिलहाल यही दिख रहा है कि मंडी कानून बने रहेंगे तब प्रशन यह है कि इस कानून को किसान हित में उपयोग करने के रास्ते क्या बन सकते हैं? यह समस्या एक चुनौती की तरह है, जिसके समाधान का सवाल हमारे सामने है। कृषि एक आर्थिक गतिविधि है। कृषि पूंजी सीमित ग्रामीण संसाधनों से ही आती है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को क्या लाभ हो रहा है मान लीजिए उत्तर प्रदेश या पंजाब अथवा राजस्थान का कोई गांव विक्रय योग्य 1,000 क्विंटल गेहूं मंडी भेजता है तो राज्य की तय दरों के अनुसार मंडी शुल्क राज्य के खाते में चला जाएगा। ये दरें उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 1.5 एवं 2.5 प्रतिशत हैं तो पंजाब और हरियाणा में 6.5 से 8 प्रतिशत तक। बड़ी फसलों यथा गेहूं-धान खरीदने का कार्य आढ़ती के जिम्मे है, जिसे मंडी प्रशासन क्षेत्रवार कारोबारी लाइसेंस जारी करता है। सहकारी संस्थाओं को भी लाइसेंस निर्गत किए जाते हैं। कृषि उपज का कारोबारी लाभ मुख्यतः मंडी और आढ़तियों में वितरित हो जाता है। ग्रामसभा को इसका कोई लाभ नहीं मिलता। अब यदि ग्रामसभा को भी कृषि आढ़त का लाइसेंस दे दिया जाए तो क्या परिणाम होगा पहली बाधा, ऐसा कभी सोचा ही नहीं गया है। फिर सवाल उठेगा कि यह कैसे हो सकता है। यह कहा जाएगा कि ग्रामसभा कोई व्यापारी तो है नहीं और फिर धन कहां है इनके जवाब आसान हैं। ग्रामसभा खुद सहकारी उत्पादक विक्रय समिति/संघ बना सकती है। गांव के मंडी प्लेटफार्म पर क्रेताओं को आमंत्रित कर सकती हैं। राष्ट्रीय एवं सहकारी बैंक ग्रामसभाओं को वित्तीय आवश्यकतानुसार क्रेडिट लिमिट स्वीकृत कर सकते हैं। मंडी परिसर में तो क्रेता आते ही हैं। ग्रामसभा बेची गई उपज पर मंडी शुल्क वसूल कर अपना कलेक्शन चार्ज वसूलकर शेष मंडी के खाते में जमा कर देगी। मंडी स्तर पर शुल्क आधा ही जमा हो पाता है, लेकिन ग्रामसभा स्तर पर शुल्क की चोरी संभव नहीं होगी। क्रेता ग्रामसभा में आएगा तो इस प्रकार किसान को लाभ, ग्रामसभा को लाभ, राज्य मंडी को लाभ होगा।

# श्रीलंका को दिवालिया बनाने में चीन की कर्ज नीति कितनी जिम्मेदार क्या है एक्सपर्ट की राय

भारत का पड़ोसी मुल्क श्रीलंका जबरदस्त आर्थिक संकट से गुजर रहा है। देश में महंगाई को लेकर जनता सड़कों पर है। महंगाई के चलते मौजूदा श्रीलंका सरकार को आम जनता का विरोध का सामना करना पड़ रहा है। श्रीलंका सरकार का कहना है कि वह पूरी तरह से दिवालिया हो गई है। आखिर श्रीलंका को यहां तक पहुंचाने में क्या चीन की कोई भूमिका है। श्रीलंका को दिवालिया बनाने में चीन क्यों दोषी है। चीन ने अमेरिका को किस तरह से अपने कर्ज जाल में फंसाया है। क्या चीन के कर्जजाल के कारण श्रीलंका दिवालिया हो गया है। 1- प्रो हर्ष वी पंत का कहना है कि श्रीलंका सरकार ने स्वीकार किया है कि उनका देश विदेशी कर्ज में डूबा हुआ है। श्रीलंका ने अपनी अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए चीन, जापान और भारत से कर्ज ले रखा है, लेकिन चीन ने कठोर शर्तों पर कर्ज दे रखा है। श्रीलंका को चीन को पांच खरब अमेरिकी डालर का कर्ज पहले ही चुकाना था। इसके बावजूद श्रीलंका को एक अरब अमेरिकी डालर का अतिरिक्त कर्ज पिछले वर्ष लेना पड़ा था। चीन ने यह कर्ज अपनी शर्तों के मुताबिक दिया है। श्रीलंका ने चीन से अपनी मुद्रा के एक्सचेंज के जरिए 1.5 खरब अमेरिकी डालर हासिल किए हैं। उससे चीन की स्थिति और खराब हो गई है। 2- उन्होंने कहा कि चीन पर यह आरोप लगते रहे हैं कि वह गरीब देशों पर कर्ज का बोझ डालकर उनको अपने कर्ज जाल में फंसा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब मुल्कों को कर्ज देने के तौर तरीकों के चलते ड्रैगन की काफी निंदा भी हुई है। चीन पर यह आरोप लगता रहा है कि वह कूटनीतिक दांवपेच की खातिर कर्ज जाल को अपना हथियार बना रहा है। यह भी देखा गया है कि कर्ज नहीं चुका पाने की स्थिति में वह उक्त देश की संपत्तियों पर कब्जा कर लेता है। चीन की इस नीति के समर्थन में श्रीलंका का उदाहरण आम है। 3- भारत के विरोध के बावजूद चीन ने कुछ वर्ष पहले चीनी निवेश की मदद से हम्बनटोटा बंदरगाह परियोजना की शुरुआत की थी। यह परियोजना विवादों में फंस गई। इसके चलते परियोजना पूरी नहीं हो पा रही थी। अंत में वर्ष 2017 में एक समझौते के तहत इसे चीन की सरकारी कंपनियों को 99 साल की लीज पर इस बंदरगाह की 70 फीसद की हिस्सेदारी दे दी गई, तब जाकर चीन ने इसमें दोबारा निवेश शुरू किया। यह बंदरगाह भारत के सामरिक हितों के प्रतिकूल है। इसलिए भारत श्रीलंका के इस समझौते का विरोध करता रहा है।

# जय जय जय हनुमान गोसाई

पंडित सुधांशु तिवारी (श्री राम कथा प्रवक्ता) चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस साल यह पर्व 16 अप्रैल, शनिवार के मनाया रहा है जिसकी तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। हिंदू धर्म में हनुमान जन्मोत्सव का काफी अधिक महत्व है। इस दिन भगवान बजरंगबली की विधि-विधान से पूजा करने से हर कष्ट से छुटकारा मिलता है और भगवान सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। हनुमान जी की पूजा बड़े ही सतर्कता के साथ करनी चाहिए। जरा सी भूल आपके पूरी पूजा को बेकार कर सकती है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन काफी भक्तगण व्रत भी रखते हैं। हनुमान जी की पूजा के नियम थोड़े कठिन जरूर है। लेकिन इनका पालन करके व्यक्ति भगवान को प्रसनन कर सकता है। जानिए हनुमान जन्मोत्सव के दिन कौन से काम करने की है मनाही। हनुमान जन्मोत्सव के दिन बिल्कुल भी न करें ये काम हनुमान जन्मोत्सव के दिन ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। इस दिन हनुमान जी का ध्यान करें। इसके साथ ही दिनभर बिल्कुल भी न सोएं। इस दिन मांस-मदिरा से दूरी बनाने के साथ ही हर किसी से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आपके घर में हनुमान जी की टूटी मूर्ति या तस्वीर है तो तुरंत ही उसे आदर सत्कार के साथ पानी में प्रवाहित कर दें। कभी भी टूटी हुई मूर्ति की पूजा नहीं करना चाहिए। क्योंकि खंडित मूर्ति की पूजा का फल नहीं मिलता है। भगवान हनुमान जी की पूजा करते समय लाल, भगवा या फिर पीले रंग के ही वस्त्र पहनें। कभी भी सफेद या फिर काले रंग के कपड़े पहनकर पूजा न करें। अगर आपके घर परिवार में किसी का देहांत हो गया है और सूतक चल रहा है तो हनुमान जन्मोत्सव के दिन व्रत या फिर पूजा नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही मंदिर भी न जाएं। क्योंकि सूतक के समय आप अशुद्ध होते हैं। इसलिए 13 दिनों तक किसी भी पूजा-पाठ पर भाग न लें। भगवान बजरंगबली को कभी भी चरणामृत का भोग न लगाएं। इससे वह रुष्ट हो जाते हैं। इसके बदले आप चने की दाल, गुड़ के अलावा बूंदी के लड्डू, इमरती आदि का भोग लगा सकते हैं। हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी हैं। इसलिए अगर कोई महिला इस दिन भगवान हनुमान की पूजा कर रही हैं तो उन्हें स्पर्श न करें। दूर से ही पूजा पाठ कर लें।



**हनुमान जी के जन्मोत्सव को जयंती कहना उचित है या अनुचित, आप भी जान लें** हनुमान भक्तों के लिए 16 अप्रैल का दिन विशेष है. इस दिन को हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं. पौराणिक मान्यता और शास्त्रों के अनुसार चैत्र मास की पूर्णिमा की तिथि को मनाया जाता है. राम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव देशभर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है. हनुमान भक्त इस दिन का पूरे वर्ष इंतजार करते हैं. **हनुमान जयंती या हनुमान जन्मोत्सव** इस बात की चर्चा हो रही है कि हनुमान जी के जन्म दिन को जयंती कहा जाए या फिर जन्मोत्सव. जानकारों का मानना है कि इस दिन को जयंती नहीं बल्कि जन्मोत्सव ही कहना उचित होगा. इसके पीछे इन जानकारों का तर्क है कि जयंती और जन्मोत्सव में अंतर होता है. क्योंकि जयंती शब?द का इस?तेमाल उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जो इस संसार में नहीं है. ये बात हनुमान जी पर लागू नहीं होती है. क्योंकि हनुमान जी कलयुग के जीवित व जागृत देवता माने गए हैं. तुलसीदास जी ने भी कलियुग में हनुमान जी की मौजूदगी का उल्लेख किया है. माना जाता है कि भगवान राम से अमरता का वरदान पाने के बाद हनुमान जी ने गंधमादन पर्वत पर निवास बनाया है. कहा जाता है कि इसी स्थान पर कलियुग में धर्म के रक्षक हनुमान जी निवास करते हैं. इसलिए इस दिन को जयंती नहीं जन्मोत्सव कहना ही उचित है.

**गंधमादन पर्वत कहां है?**

शास्त्रों के मुताबिक गंधमादन पर्वत कैलास पर्वत के उत्तर में मौजूद है. इस पर्वत पर महर्षि कश्यप ने तपस्या की थी. इस पर्वत पर गंधर्व, किनन्रों, अप्सराओं और सिद्घ ऋषियों का निवास बताया गया है.


**शिव के अवतार है हनुमान जी** एक पौराणिक कथा के अनुसार हनुमान जी माता का नाम अंजना है. एक श्राप के कारण उन्होने पृथ्वी पर जन्म लिया, ये श्राप तभी समाप्त हो सकता था जब वे एक संतान को जन्म दें. वाल्मीकि रामायण के अनुसार केसरी श्री को हनुमान जी के पिता बताया गया है. जो सुमेरू राज्य के राजा थे. केसरी श्री देव गुरु बृहस्पति के पुत्र थे. माता अंजना ने संतान प्राप्ति के लिए 12 वर्षों की भगवान शिव की घोर तपस्या की और परिणाम स्वरूप संतान के रूप में हनुमानजी ने जन्म लिया. शास्त्रो में हनुमानजी भगवान शिव का अवतार बताया गया है. **हनुमान जयंती पर बनने वाला शुभ योग** 16 अप्रैल को सुबह 05 बजकर 34 मिनट से हर्षण योग शुरू होगा, जो कि 17 अप्रैल 2022 को देर रात 02 बजकर 45 मिनट पर समाप्त होगा। **हर्षण योग का महत्व-** जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि हर्ष का अर्थ खुशी व प्रसनन्ता होती है। ज्योतिष के अनुसार, इस योग में किए गए कार्य खुशी प्रदान करते हैं। हालांकि इस योग में पितरों को मानने वाले कर्म नहीं करने चाहिए। **कितने बजे से शुरू होगी चैत्र पूर्णिमा 2022-** हिंदू पंचांग के अनुसार, पूर्णिमा तिथि 16 अप्रैल 2022, शनिवार को देर रात 02 बजकर 26 मिनट से शुरू होगी,जो कि 17 अप्रैल 2022, रविवार को सुबह 12 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगी। **हनुमान जी के मंत्र-**

**श्री हनुमंते नमः हनुमान जी का मूल मंत्रः- ओम हां हीं हं हैं हौं हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट्।**

हनुमान जयंती से जुड़ी पौराणिक कथा- पौराणिक कथाओं के अनुसार, अंजना एक अप्सरा थीं, हालांकि उन्होंने श्राप के कारण पृथ्वी पर जन्म लिया और यह श्राप उनपर तभी हट सकता था जब वे एक संतान को जन्म देतीं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार केसरी श्री हनुमान जी के पिता थे। वे सुमेरू के राजा थे और केसरी बृहस्पति के पुत्र थे। अंजना ने संतान प्राप्ति के लिए 12 वर्षों की भगवान शिव की घोर तपस्या की और परिणाम स्वरूप उन्होंने संतान के रूप में हनुमानजी को प्राप्त किया। ऐसा विश्वास है कि हनुमानजी भगवान शिव के ही अवतार हैं।

# इतिहास को तथ्यों के साथ वस्तुनिष्ठ रूप में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया............

इतिहास किसी भी देश के विद्यार्थी के लिए, चाहे वह माध्यमिक तक इस विषय को पढ़ता हो अथवा उसमें सनतक तक ज्ञान अर्जित करना चाहता हो, एक ऐसा विषय है जो उसके मस्तिष्क पटल पर एक गहरी छाप छोड़ता है। यह ऐसा विषय है जिसमें सामयिक शोधकार्यों के अनुसार तथ्यों और उसके प्रति नजरिये में परिवर्तन होता रहता है। यह भी सही है कि वैश्विक परिवेश के अनुसार पाठ्यक्रमों में बदलाव एक सतत प्रक्रिया है। प्रशन है कि इस इतिहास को किस रूप में और कैसे प्रस्तुत किया जाए। यदि भारतीय इतिहास का घटनाक्रम अपनी यात्रा में समावेशी है तो तथाकथित प्रगतिवाद का कोई भी मानक इसे अनन्यवेशी स्थापित नहीं कर सकता। परंतु भारतीय इतिहास में अनन्यवेशी तत्वों ने क्या प्रभाव डाले, यह तब तक समझ के परे होगा जब तक किसी राष्ट्र के इतिहास में यह स्पष्ट नहीं किया जाए कि एक लंबे कालखंड की राजनीतिक कोलाहल के उपरांत भी देश ने 'स्वऽ की 'निरंतरता और मूल्योंऽ को जीवित रखा, और कैसे रखा शायद यह तब तक स्पष्ट नहीं होगा जब तक देश की पीढियों को 'भारत बोधऽ के मूल्य को समझने का सुअवसर उसके पाठ्यक्रम से प्राप्त नहीं हो।यदि कोई प्रगतिवाद इसको इतिहास का अंश नहीं मानता तो यह उस श्रेणी में आने वाले इतिहासकारों का अपना सोच है। यदि हम औपनिवेशिक दृष्टिकोण और उसके अनुयायी समूह के इतिहास लेखन के मानकों पर भारतीय इतिहास लेखन और पाठ्यक्रम निर्धारण करेंगे तो यह भारतीय इतिहास और उसके पाठ्यक्रम निर्धारण में पक्षपात स्वतः उत्पनन कर देगा। इसे सही करना इस पाठ्यक्रम निर्माण की बड़ी चुनौती दिखती है। इसी दृष्टिकोण से एलओसीएफ यानी 'लर्निंग आउटकम आधारित करिकुलम फ्रेमवर्कऽ सनतक इतिहास के पाठ्यक्रम के तहत ऐसे ऐतिहासिक तत्वों का समावेश किया गया है जो मात्र भारतीय इतिहास के मूल आधार, एशिया महाद्वीप के उत्थान पतन और पुनरुत्थान, विश्व संस्कृतियां, काल खंडों में भारतीय सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक इतिहास लेखन की परंपराओं को संतुलित रूप से प्रस्तुत करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम की विशेषता है कि यह समग्र रूप से भारतीय इतिहास को युवा पीढ़ी के समक्ष लाना चाहता है। तात्पर्य यह है कि भारत जैसे समृद्ध सांस्कृतिक राष्ट्र को दिल्ली केंद्रित इतिहास के रूप में ही नहीं समझा जा सकता है। देश के इतिहास की विकास यात्रा या चुनौतियों से भरी यात्रा को मात्र दिल्ली केंद्रित इतिहास सुस्पष्ट कर ही नहीं सकता। यदि देश की सांस्कृतिक इकाइयों के विकास को क्रमबद्ध रूप से समझना है तो इससे आगे जाना होगा और प्रत्येक उस क्षेत्रीय इकाई की प्रस्तुति करनी होगी जो इस देश के इतिहास को प्रभावित करने का कार्य करती है। तात्पर्य यह है कि भारतीय इतिहास को एक क्षेत्र विशेष से परिभाषित नहीं किया जा सकता। मध्यकाल में यह पाठ्यक्रम इसी दिल्ली केंद्रित अथवा विशेष राजा या घटना केंद्रित इतिहास की प्रचलित प्रथा से प्रस्थान है। निश्चित ही भारत को समझने का यही बेहतर उपाय है। यह पाठ्यक्रम ऐतिहासिक घटनाओं के महत्व की वरीयता तय करता हुआ न्यायाधीश की भूमिका में नहीं है, न ही यह सम्राट केंद्रित है और न ही यह किसी विषय विशेष पर आधारित है। इतिहास के पाठ्यक्रम की परिकल्पना करते समय इतिहास बोध से संबद्ध समस्याएं एवं मुद्दे मूलभूत प्रशन हो जाते हैं। इतिहास में ज्ञान के सरोकार मूलतः ज्ञान मीमांसा अथवा ज्ञान का सिद्धांत दर्शन की वह शाखा है जो ज्ञान की प्रकृति, प्रयोजन और इससे संबंधित पूर्वधारणाएं एवं आधार बिंदु तथा ज्ञान को लेकर होने वाले दावों के सामान्य विश्वसनीयता की चिंता करती है। ऐतिहासिक ज्ञान एवं उसका न्यायोचित प्रस्तुतीकरण पाठ्यक्रम निर्माण से जुड़ी एक बड़ी चुनौती है। एक राष्ट्र के इतिहास के संदर्भ वाले मुद्दे किस तरह से वैज्ञानिक अन्वेषण एवं पूर्वाग्रह के सवालों से उलझते हैं, यह इस विधा के छात्र के लिए वाद विवाद का प्रमुख प्रशन है। यह तभी संभव है जब युवा मस्तिष्क को समझने, अनुसंधान व विवेचन करने और राष्ट्र के वृहत्तर संदर्भों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया जाए। यह पाठ्यक्रम इसी प्रक्रिया को स्थापित करने का उद्देश्य रखता है, क्योंकि सनतक स्तर के विद्याथिर्यों के पाठ्यक्रम का प्रारूप तैयार करते समय इतिहास के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करने का सतर्क प्रयास करना आवश्यक है। विशेष तौर पर एशिया के पुनरुत्थान को लेकर, जिसे सभ्यताओं का उद्गम स्थल माना जाता है, विद्याथिर्यों को भारत की मूलभूत संकल्पना एवं उसकी निरंतरता से परिचित कराना इस पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण मानक हैं। इतिहास में भौगोलिक राजनीतिक सीमाओं का निर्माण एक अनवरत प्रक्रिया रही है। राज्य की प्रकृति निश्चित रूप से संस्कृतियों को प्रभावित करती है, और यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि इतिहास में इसके सबल साक्ष्य मौजूद हैं। परंतु विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि राज्य की प्रतिकूल प्रकृति के चलते अपरिवर्तनीय अवस्थाएं उत्पनन हुई हैं जिससे अपूरणीय क्षति हुई। सनतक स्तर के छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वह राष्ट्र और राज्य की संकल्पनाओं के बीच के भेद को समझें।



# किसान रेल और किसान उड़ान के बाद किसान ड्रोन मोदी सरकार की अनूठी पहल

भारतीय खेती वक्त के साथ कदमताल नहीं कर पाई, क्योंकि उसे उदारीकरण, भूमंडलीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी से कारगर तरीके से जोड़ा नहीं गया। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार कृषि उत्पादन से लेकर बिक्री तक में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है, ताकि खेती-किसानी फायदे का सौदा बन सके। इस दिशा में किसान रेल और किसान उड़ान के बाद सरकार की अनूठी पहल है किसान ड्रोन। पिछले दिनों कृषि क्षेत्र की उत्पादकता के साथ-साथ दक्षता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 100 किसान ड्रोन का उद्घाटन किया। ये ड्रोन खेतों में कीटनाशक सामग्री के छिड़काव का भी काम करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी की आधुनिक कृषि सुविधाओं की दिशा में यह एक नया अध्याय है। ये ड्रोन ग्रामीण इलाकों में कीटनाशकों के छिड़काव के साथ-साथ बुआई रकबे की माप, फसलों की बीमारियों की पहचान और खेती की निगरानी जैसे काम करेंगे। स्पष्ट है कि इससे देश में आवारा पशुओं के नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। इतना ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में संपत्ति के डिजिटल दस्तावेज बनाने में भी ड्रोन का इस्तेमाल होगा जिससे गांवों में जमीन-जायदाद को लेकर होने वाले विवाद कम होंगे। फसल में कहां रोग लगा है, कहां कीट लगे हैं और फसल में किस पोषक तत्व की कमी है, इसका पता ड्रोन आसानी से लगा सकेंगे वर्ष 2020 में कई राज्यों में टिड्डियों के हमलों को रोकने में ड्रोन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके बाद से ही सरकार खेती-किसानी में ड्रोन को बढ़ावा देने की नीति अपनाई। अगस्त 2021 में सरकार ने ड्रोन के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नियमों को उदार बनाया। सितंबर में ड्रोन एयर स्पेस का नक्शा पेश किया गया। अब घरेलू स्तर पर ड्रोन विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन शक्ति परियोजना शुरू की गई है। घरेलू ड्रोन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार





ने अनुसंधान एवं रक्षा को छोड़कर बाकी क्षेत्रों के लिए ड्रोन आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। शुरू में ड्रोन की लागत अधिक आएगी, लेकिन आगे चलकर बड़े पैमाने पर उपयोग होने से यह सस्ता पड़ने लगेगा। 10 किलो पेलोड वाले ड्रोन से छिड़काव की लागत 350 से 450 रुपये प्रति एकड़ आएगी। ड्रोन के इस्तेमाल से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि खेती की लागत में भी कमी आ जाती है। किसान ड्रोन कृषि श्रमिकों पर निर्भरता कम करेगा। सरकार ने कई एजेंसियों को काम सौंपा है, जो ड्रोन खरीदेंगी और कीटनाशकों-उर्वरकों के छिड़काव के लिए किसानों को किराए पर उपलब्ध कराएंगी जैसे ट्रैक्टर। इसके अलावा कृषि विस्तार केंद्रों को किसान ड्रोन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की गई है। कृषि उत्पादक संगठनों को 75 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। सरकार कृषि मशीनीकरण पर उप मिशन के तहत ड्रोन खरीद के लिए वित्तीय सहायता भी दे रही है ड्रोन के इस्तेमाल से सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कृषि प्रबंधन का लक्ष्य हासिल होगा। इससे कीटनाशकों का संतुलित छिड़काव होगा और मानव स्वास्थ्य पर खतरनाक कीटनाशकों का दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। गनन जैसी लंबी फसलों के लिए ड्रोन विशेष उपयोगी साबित होंगे। आगे चलकर बुआई में भी ड्रोन का इस्तेमाल होने लगेगा। इफको द्वारा पेश नैनो यूरिया का ड्रोन से छिड़काव का ट्रायल सफल रहा है। ड्रोन से एक घंटे में 10 एकड़ क्षेत्र में कीटनाशकों का छिड़काव किया जा सकता है। इतना ही नहीं किसान फलों-सब्जियों-फूलों को कम समय में बाजारों में लाने के लिए उच्च क्षमता वाले ड्रोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित ड्रोन के जरिये किसान अपनी फसल के उन्हीं हिस्सों पर कीटनाशक का छिड़काव कर सकेंगे जहां पर जरूरत होगी। देश में ड्रोन के बड़े पैमाने पर उपयोग को देखते हुए कई ड्रोन स्टार्टअप्स की एक नई संस्कृति शुरू हो चुकी है। अभी इनकी संख्या 200 है, जो आने वाले समय में हजारों में होंगी और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। खेती-किसानी के आधुनिकीकरण और उसे सूचना प्रौद्योगिकी से जोड़ने के लिए किसान रेल और किसान उड़ान के बाद यह मोदी सरकार अनूठी पहल है। उल्लेखनीय है कि किसान रेल देश के विभिनन क्षेत्रों के किसानों को दूर दराज के बाजारों से लेकर महानगरों तक में उपज बेचने में सक्षम बना रही है। किसान रेल अब तक 153 रूटों पर छह लाख टन कृषि उपज पहुंचा चुकी हैं। सबसे ज्यादा किसान रेल मध्य रेलवे चला रहा है। इसी तरह पूर्वोत्तर राज्यों और हिमालयी राज्यों से शीघ्र खराब होने वाली सब्जियों-फलों को हवाई जहाज से ढुलाई के लिए किसान उड़ान योजना शुरू की गई है। किसान उड़ान से ढुलाई के लिए सरकार 50 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। भारतीय खेती की बदहाली की सबसे बड़ी समस्या है उपज की वाजिब कीमत न मिलना। इस समस्या को दूर करने के लिए मोदी सरकार मंडियों का आधुनिकीकरण कर रही है। 31 दिसंबर, 2021 तक 18 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों की 1000 मंडियों को ई-नाम प्लेटफार्म में बदला जा चुका है। इससे 1.72 करोड़ किसान और दो लाख व्यापारी जुड़े हैं। ई-नाम योजना के लाभ को देखते हुए मोदी सरकार ग्रामीण हाटों को मिनी एपीएमसी मार्केट में बदल रही है। जाहिर है कि मोदी सरकार देश में परंपरागत की जगह नई तकनीक से खेती को बढ़ावा दे रही है, ताकि युवा वर्ग आगे आएं। आज भी देश में हजारों ऐसे उच्च शिक्षित किसान हैं, जो नई तकनीक से खेती करके न सिर्फ खेती-किसानी की तस्वीर बदल रहे हैं, बल्कि अपनी तकदीर भी संवार रहे हैं।

# कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश आपत्तिजनक भाषा या भड़काऊ नारे लिखे जाना पूर्णत: प्रतिबंधित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती वंदना वैद्य ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए शहडोल जिला अंतर्गत आए दिन विभिन्न समुदाय एवं दलों के लोगों



द्वारा रैली, जुलूस, जलसा, धार्मिक यात्रा, मार्च, जन यात्रा एवं उत्सव यात्रा निकाली जाती है। जिससे जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा भंग होने जन सामान्य की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखे जाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कलेक्टर ने कहा है कि जिला अंतर्गत समस्त रैली, जुलूस, जलसा, धार्मिक यात्रा, मार्च, जन यात्रा, उत्सव यात्रा एवं अन्य ऐसे कार्यक्रम जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, निकाले जाने एवं आयोजित किए जाने के पूर्व संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से अनुमति प्राप्त किए जाना अनिवार्य होगा। उक्त रैली, जुलूस, जलसा, धार्मिक यात्रा, मार्च, जन यात्रा, उत्सव यात्रा में डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग में माननीय सवोच्च न्यायालय की गाइडलाइन का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की कट आउट, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स, होर्डिंग्स, झंडे आदि जिन पर भी धर्म, व्यक्ति, संप्रदाय, जाति या समुदाय के विरुद्ध नारे या भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया गया हो, का प्रकाशन एवं उसका किसी भी स्थल (निजी एवं सार्वजनिक स्थलों) पर प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। कलेक्टर में जारी आदेश में कहा है कि किसी भी भवन एवं संपत्ति (सार्वजनिक अथवा निजी) पर आपत्तिजनक भाषा या भड़काऊ नारी लिखे जाना प्रतिबंधित होगा। सोशल मीडिया एवं अन्य ऐसे मैसेजिंग एप (जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम एवं अन्य) पर ऐसा आपत्तिजनक पोस्ट जिससे धार्मिक भावना भड़के एवं किसी भी संप्रदाय विशेष की भावना उध्देदित हो पोस्ट को प्रसारित किया जाना प्रतिबंधित होगा।कलेक्टर ने कहा कि यह आदेश आमजन को संबोधित है। जो कि वर्तमान में मेरे समक्ष ऐसी परिस्थितियां नहीं है और ना ही यह संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जाए। अतः यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। इस आदेश से व्यथित व्यक्ति दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में वर्णित प्रावधानों के आधीन अधोहस्ताक्षरकर्ता कि न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। यदि कोई भी व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरुद्ध भारतीय दंड प्रक्रिया की धारा 188 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करना राजधर्म- मुख्यमंत्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अपराधियों एवं माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करना राजधर्म है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के सभी



जिलों में अपराधियों एवं माफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में अपराधियों एवं माफियाओं के विरूद्ध अब तक जो कार्यवाही हुई है उसकी मैं सराहना करता हूं। उन्होंने कहा है कि अपराधियों एवं माफियाओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश में सतत कार्यवाही होना चाहिए तथा अपराधियों एवं माफियाओं का डर नागरिकों के मन से निकलना चाहिए, नागरिकों का हौसला बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरो, पुलिस अधीक्षकों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि अपराध कम करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडों, बदमाशों, भू-माफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होना चाहिए और अपराधियों एवं गुंडों का डर लोंगों के दिल से निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश में सभी प्रकार के अपराध समाप्त करना है, अपराधियों एवं दुष्ट व्यक्तियों को दंड देना हमारा राजधर्म है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से जुडे. सभी अधिकारी राजधर्म का पालन करते हुए अपराधियों, गुंडों एवं भू-माफियाओं के विरूद्ध सख्त और निरंतर कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अपराधियों एवं भू-माफियाओं से जो शासकीय भूमि मुक्त कराई गई है उसकी सूची बनाएं और उसका उपयोग जनहित में करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फर्जी चिटफंड कम्पनियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें जो चिटफंड कम्पनियां लोंगो का पैसा लेकर भाग गई है, उनके विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही होना चाहिए। कमिशन्र कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने मिलावट से मुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में मिलावटी सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि जनता की जिंदगी से किसी को खेलने न दें जनता की जिंदगी से खेलने वाले मिलावटखोंरो के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में विकास और जन कल्याण के काम होने चाहिए, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी एवं परिणाममूलक क्रियान्वयन होना चाहिए और योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोंगों को मिलना चाहिए। कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में चिन्हित अपराधों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चिन्हित अपराधों में अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हो और उन्हें दंड मिले इसके निरंतर प्रयास होने चाहिए। शहडोल कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित वीडियों कान्फ्रेंसिंग में कमिशन्र शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री डीसी सागर, कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश कुमार गोस्वामी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हिमांशू चंद्र, अतिरिक्त पुलिस उप महानिरीक्षक श्रीमती प्रतिमा मैथूज, जिला आबकारी अधिकारी श्री सतीश कश्यप एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## मुकेश सहनी बोले असली लड़ाई भाजपा से, सांसद के साथ मनमुटाव पर कहा- वो तो निषाद पुत्र हैं

**पटना ।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने बोचहां विधानसभा सीट की मतगणना प्रारंभ होने के पूर्व कहा कि वीआइपी की लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि भाजपा से है। उन्होंने कहा कि कई लोग यह साबित करने में जुटे हैं कि उनकी लड़ाई मुजफ्फरपुर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अजय निषाद से है, जो निराधार बात है। पटना में सहनी ने मीडिया से कहा कि बोचहां उप चुनाव में उनकी पार्टी को सभी समुदाय-वर्ग का समर्थन मिला है। इसके लिए वे सबके प्रति आभारी हैं। उन्होंने अजय निषाद से मनमुटाव की खबरों को बेबुनियाद बताया और कहा कि सांसद तो निषाद पुत्र हैं, उनकी असल लड़ाई भाजपा से है। उन्होंने कहा कि बिहार की राजनीति में जिस तरह वीआइपी को ठगा और छला गया, उसके बाद जनता का समर्थन बढ़ता चला गया। लोग वीआइपी के साथ स्वेच्छा से जुड़ते चले गए। सहनी ने एक बार फिर दावा किया कि भाजपा तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अगले चुनाव में भी भाजपा बिहार में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी।

# पत्रकार लक्ष्मीकांत भक्ति भाव चतुर्वेदी को पितृ शोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**ब्यौहार ।** वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी के पिता रमाकांत चतुर्वेदी का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया वे 74 वर्ष के थे अपना भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गये उनके निधन पर ब्यौहारी के पत्रकारों द्वारा शोक व्यक्त करते हुए कहा गया है कि चतुर्वेदी परिवार के दुख भारी दुख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें शोक व्यक्त किया गया शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से मुनींद्र तिवारी शत्रुघन चतुर्वेदी डॉ अशोक तिवारी, विनय द्विवेदी, सतीश तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, सिद्धार्थ अगिन्होत्री, मों चांद फाखिर, सुभाष द्विवेदी बुडवा, सूर्यभान यादव, विष्णुदास वैश्य, शिव कुमार गुप्ता श्रीनिवास मिश्रा नीलेश सोनी एवं सभी पत्रकारों द्वारा शोक संवेदना प्रकट करते हुए भगवान को उनकी मृत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की है।



## 21 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा में होगा अप्रेंटिस मेले का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा** ।राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आई.टी.आई. पास अभ्यार्थियों के लिए आगामी 21 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ई-1 सेक्टर 31 निठारी नोएडा जनपद गौतम बुद्ध नगर में बृहद अपरेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अभ्यार्थी सुबह 10:00 से शाम 3:00 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति के साथ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जनपद गौतम बुद्ध नगर कि लगभग 40 कंपनी सैमसंग, एक्सीडी, यामाहा इ0लि0, सिस्कॉम कॉरपोरेशन, डिक्शन लिमिटेड, नोबलको लिमिटेड, डेंसो इ0लि0, ग्रैजियानो, सी एन एच, मिंडा ग्रुप आदि कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। अतः आई.टी.आई. पास अभ्यर्थी आयोजित होने वाले अप्रेंटिस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अप्रेंटिस मेले का लाभ उठाएं।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# राम जिस घर में प्रभु से अधिक गुरु का सम्मान हो वही स्थान आपके रहने योग्य है:- स्वामी पंचमानंद जी महाराज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवमणि शुक्ल**

**नोएडा।** रामजी वन के लिए अयोध्या से निकल कर श्रृंग्वेरपुर में गंगा पार करते हुए तीर्थराज प्रयाग पहुंचकर मां गंगा जमुना वा सरस्वती का पूजन करने के पश्चात अक्षय वट दर्शन के



लिए गये वहां पर भी पूजन अर्चन और देवताओं का वंदन किया फिर भारद्वाज आश्रम आये ऋषिवर को प्रणाम कर पूछते हैं इस वनवास काल में हमें कहां जाना चाहिए ऋषि भरद्वाज ने चित्रकूट जाने को कहा रास्ते में प्रभु ऋषि बाल्मिकि से मुलाकात की राम ने बाल्मीकि से पूछा वनवास काल में मैं कहां रहूं? ऋषिवर वर ने उत्तर दिया प्रभु आप यह बता दें कि आप कहां नहीं हैं पूछे मोहि कि रहउ कहं मैं पूछत सकचाउं। जहाँ न होहु तुम, देहु कहि, तुमहि देखा वौ ठाउ ।। हे राम जी आपने पूछा कि मैं कहां रहूं मैं आपसे पूछने में संकोच कर रहा हूं कि आप वह स्थान बताएं जहां आप का निवास न हो फिर भी मैं आपसे आपके रहने लायक स्थान का निवेदन करता हूं ।प्रभु ने ऋषि की प्रेम भरी वाणी को सुनकर बड़े संकोच में पड़ गए और मन ही मन यह सोच कर मुस्कुराने लगे कि कहीं मेरा वास्तविक भेद ( भगवान के अवतार)न खुल जाए ।बाल्मीकि जी पुनः अमृतवाणी में बोले यदि आप मुझसे पूछते ही है तो मैं आपको बताता हूं की इस आप कहां रहेंगे सनो! जो व्यक्ति आप की कथा सुनते सुनते तृप्त न हो आप उसके यहां निवास करें जिनके नेत्रआप के स्वरूप को देखते हुए न थकते हो जिन की वाणी आपके यश रूपी मानसरोवर में हंसिनी की भांति भ्रमण करती हुई आपके गुण की मोती निरंतर चुना करती हो ऐसे सुंदर पवित्र स्थान आपके निवासी योग्य हैं। ऐसे व्यक्ति जिनकी नासिका आपके पवित्र चरित्र व रूपी सुगंध घ्राण करती हो ,जो नित्य आप को भोग लगाकर भोजन करता हो ,उसे आपका ही प्रसाद समझकर प्रेम से परिवार को खिलाता हो और आप के प्रसाद के रूप में ही वस्त्र और आभूषण को धारण करता हो ऐसे व्यक्ति का सुंदर मन मंदिर आपके निवासी योग्य।हे राम! जिनके सिर हमेशा देव गुरु विप्र के दर्शन मात्र से ही झुक जाते हो । जो नित आप की पूजा करता हो अर्चना वंदन करता हो, आप पर पूरी तरह निर्भर हो जिन के चरण तीर्थ यात्रा करने के लिए निरंतर व्याकुल रहते हो जो आपके महामंत्र राम नाम का जब करता हो जिनका पूरा परिवार आपके प्रति आस्थावान हो ऐसे लोगो के हृदय आप केनिवास के योग्य हैं। **चरण राम तीरथ चलि जाही,। राम बसहु तिनके मन माही।। मंत्र राज नित जपहि तुम्हारा। पूजहि तुमहि सहित परिवार।** हे राम जिनके घर में नित्य आप की पूजा होती हो देवताओं के लिए हवन होता है विप्रो का भोजन होता हो उनको अनेक प्रकार का दान दिया जाता है और जो भी व्यक्ति आप से अधिक अपने गुरु का सम्मान करता हो वह हृदय आपके रहने योग्य उत्तम उत्तम स्थान होंगे। इस मौके पर आचार्य विश्व नाथ त्रिपाठी ,संगम प्रसाद मिश्र,अजय सिंह,बंश बहादुर सिंह,एन के सोलंकी (अध्यक्ष आर डब्लूयू ए ), राम निवास यादव (जिलाध्यक्ष)भाजपा युवा मोर्चा,के के शर्मा, प्रमोद भारद्वाज,शिव चौधरी,विजय झा,राजेश राघव,शैलेश द्विवेदी,रमेश शर्मा,संजय पाण्डेय,अंगद सिंह तोमर,गोरे लाल,राघवेन्द्र दूबे (महासचिव एवं प्रवक्ता ) सपा ग्रामीण, रवि राघव,हंसमणि शुक्ल,अवनीश तिवारी,मनोज कुमार,धर्मेन्द्र सिंह,राजेश गुप्ता,सिया राम,आशीष कुड्डू,मुकेश शुक्ला,विनय त्रिवेदी,सी एल तिवारी,संजय शुक्ला,सर्वेश तिवारी,संजय मग्गू,के के झा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# यमुना एक्सप्रेसवे स्पोर्ट्स सिटी के पास बड़ा हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवमणि शुक्ल**

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे स्पोर्ट्स सिटी के पास बड़ा हादसा इको वेन मे पंचर होने पर टायर बदलते समय टेंपो ने इको वेन में मारी जोरदार टक्कर एक की मौत एक घायल घायल को नजदीक के अस्पताल में कराया भर्ती इको वेन के उड़े परखच्चे हुई क्षतिग्रस्त अलीगढ़ से दिल्ली जा रहे थी इको वेन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे के सपोर्टस सिटी के पास दनकौर थाना क्षेत्र का मामला।

# दा अर्थ पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने मनाई हनुमान जयंती तथा गरीब बच्चों को बांटे फल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवमणि शुक्ल**

**नोएडा।** दा अर्थ पैराडाइज स्कूल मे हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई और स्कूल के बच्चों ने गरीब बच्चों को फल भी बांटे विद्यालय के प्रबंधक राहुल आवाना जी ने बच्चों को बताया - हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए तथा सभी त्योहारों को हर्ष और उल्लास के साथ मनाना चाहिए इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।



# शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जनपद में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा ।**उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र गौतम बुद्ध ने जनपद के शिक्षित युवा बेरोजगारों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से नवीन उद्योग/उद्यम स्थापित करने के लिए जनपद में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2022-23 में पात्रता रखने वाले पुरुष/महिला उद्यमी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी आवेदक को आवेदन पत्र भरने में कोई कठिनाई होती है तो कार्यालय में स्थापित हेल्पडेस्क से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पात्रता के संबंध में बताया कि आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा जनपद का कम से कम 3 वर्ष निवासी हो, जिसकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष तक होनी चाहिए एवं हाई स्कूल पास हो। आवेदक द्वारा पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजना, वर्तमान में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, समाजवादी युवा स्वरोजगार योजना या केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य किसी स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त न किया हो। वह किसी सरकारी संस्था/बैंक का डिफॉल्टर न हो। आवेदक द्वारा पात्रता की शर्तों को पूर्ण किए जाने के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लाभाथिर्यों द्वारा परियोजना लागत का 10 अपने अंशदान के रूप में जमा करना होगा। विशेष श्रेणी के लाभाथिर्यों यथा अनु0 जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं विकलांगजन के लिए अंशदान की सीमा कुल परियोजना लागत की 5झ् होगी। योजना के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा वित्त पोषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना की विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त किए जा सकते हैं।उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# नवरात्रि के पावन पर्व पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया मां शारदा के दर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दिनेश यादव**

**मैहर।**भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो सांसद वी डी शर्मा पहुचे मैहर कटनी मोड़ चौराहा बाईपास में प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत तत्पश्चात किये माँ शारदे के दर्शन मां शारदा शक्तिपीठ के प्रधान पुजारी श्री पवन महाराज ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ प्राप्त किया माँ जगत जननी से प्रदेश अध्यक्ष ने देश प्रदेश की खुशहाली का मागा माता शारदे से आशीर्वाद लक्ष्मी प्रसाद यादव प्रदेशउपाध्यक्ष योगेश ताम्रकर सतना जिले के प्रभारी, अभय प्रताप सिह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकान्त चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष नरेंद त्रिपाठी,जिला महामंत्री ऋषभ सिंह रतनकर चतुर्वेदी शिवा पहलाद पटेल विजय तिवारी मडल अध्यक्ष मैहर, मंडल अध्यक्ष अमरपाटन धीरेन्द दुवेदी सांसद प्रतिनिधि दिनेश शुक्ला संजय राय जी संतोष सोनी सत्यवान पटेल युवा मोर्चा मैहर अध्यक्ष प्रिंस शर्मा नितिन ताम्रकार तुषार अग्रवाल शांतनु तिवारी राजा पांडे विकास तिवारी पारसनाथ तिवारी पुरुषोत्तम चौरसिया विनोद चौरसिया विकास गौतम व समस्त भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# राशिफल

**मेष-:**एक समय पर कई कार्य एकसाथ करने की चेष्टा के बजाय एक ही कार्य हाथ में लें। मित्र द्वारा छला गया व अकारण ही आहत महसूस कर सकते हैं। आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ें।

**वृष-:**जीवन में सुख व सौहार्द रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण व ऊर्जावान रहेंगे। तनाव लिए बगैर सफलता प्राप्त करेंगे। रचनात्मक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-:**परिवार व प्रियजनों संग सुखद समय बिताएंगे। अर्थपूर्ण संबंध व खास अवसर निर्मित होंगे। अभिरुचि की गतिविधियों में भाग लेंगे व विश्राम से स्वयं को तरोताजा करेंगे।

**कर्क-:**विकल्प मौजूद होने पर आप अधीर हो सकते हैं,कोई भी निणन्य लेने से पहले प्राथमिकताओं पर ध्यान दें। विनोदप्रिय रवैया कठिन परिस्थितियों से निकलने में मदद करेगा।

**सिंह-:**धैर्य, परिश्रम व चतुराई से व्यावसायिक व वित्तीय मामलों का प्रबंधन करेंगे। प्राकृतिक व वैकल्पिक चिकित्सा से आपकी व परिवार की स्वास्थ्य समस्याएं हल हो सकती हैं।

**कन्या-:**स्वास्थ्य व व्यावसायिक मामलों में सुधार होगा। व्यावसायिक व निजी जीवन में कुछ अप्रत्याशित घटनाक्रम घटित हो सकते हैं। भाग्य आपके साथ है। व्यावसाय में तेजी आएगी।

**तुला-:**खानपान, काम, व विश्राम में संतुलन बिठाने की आवश्यकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तनों के बावजूद प्रतिष्ठा कायम रखेंगे। वित्तीय व संपत्ति से जुड़े मामले थोड़े से प्रयास से हल होंगे।

**वृश्चिक-:**अंतर्द्वंद्व महसूस करेंगे। कई भावनात्मक व व्यावसायिक निणन्य लेने पड़ सकते हैं। जब कई विकल्प मौजूद हों तो अत्यधिक विश्लेषण के बजाय त्वरित निणन्य सफलता की ओर ले जाएंगे।

**धनु-:**अपने भीतर छिपी क्षमताओं का साक्षात्कार करेंगे। धैर्य, सतत प्रयासों व सकारात्मक ऊर्जा के साथ जड़ता व विरोध का सामना करें। विभिन्न गतिविधियों में व्यस्तता के मध्य सुरक्षा का भाव हृदय में रहे

**मकर-:**पूरी ऊर्जा के साथ योजनाओं पर अमल आरंभ करेंगे। अक्सर कार्यव्यवहार में आप चरम पर पहुंच जाते है, किसी भी प्रकार के अतिरेक से बचें। बाधक परिस्थितियों से निराश होने के बजाय उनपर जीत का प्रयास

**कुंभ-:**नए अवसर प्रस्तुत होंगे व व्यावसायिक मामलों को कुशलता से हल करेंगे। व्यावसायिक बैठक में अपनी बेहतरीन योजनाओं व विचारों से लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मीन-:**संबंधों में समझदारी व वित्तीय लेनदेन में सजगता अपेक्षित है। अपनी भावनाओं, विचारों व योजनाओं को ईष्यालु लोगों से सुरक्षित रखें, वे उन्हें नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# मिचेल मार्श के आने से मजबूत होगा दिल्ली का मध्यक्रम, ये हो सकती है दिल्ली और बैंगलोर की संभावित प्लेइंग इलेवन

**नई दिल्ली।** वानखेड़े स्टेडियम पर होने वाले दिल्ली और बैंगलोर के बीच मैच में टास की भूमिका अहम कही जा सकती है क्योंकि अब तक खेले गए 5 मुकाबलों में 4 बार लक्ष्य का



पीछा करने वाली टीम जीती है। ऐसे में इस मैदान पर टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला टीम और उनके गेंदबाजों के लिए फायदेमंद हो सकता है। दिल्ली की टीम में डेविड वार्नर के आने से ओपनिंग जोड़ी प्रभावी नजर आ रही है और पिछले दो मैचों में पृथ्वी शा के बल्ले से भी लगातार रन निकले हैं। आरसीबी के खिलाफ वार्नर और पंत का बल्ला भी खूब बोला है। वार्नर ने 8 अर्धशतक और 1 शतक तो पंत ने 11 अर्धशतकीय पारी आरसीबी के खिलाफ खेली है। गेंदबाजी की बात करें तो कुलदीप यादव लगातार विकेट ले रहे हैं। इसके अलावा खलील अहमद भी रंग में नजर आ रहे हैं तभी टीम ने आनरिक नोकिया के स्थान पर उनपर भरोसा दिखाया है। शार्दुल ठाकुर रंग में नजर नहीं आ रहे हैं जिस तरह की गेंदबाजी के लिए वो जाने जाते हैं। डेविड वार्नर, पृथ्वी शा, मिचेल मार्श, रिषभ पंत (कप्तान/ विकेटकीपर), रोवमैन पॉवेल, ललित यादव, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मुस्तफिजुर रहमान, खलील अहमद। दूसरी तरफ रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की बात करें तो अनुज रावत अच्छे फार्म में हैं। पहले मैच को छोड़ दिया जाए तो फाफ के बल्ले से रन नहीं निकले जो टीम के लिए चिंता का कारण है। पिछले मैच में टीम को सीएसके से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में टीम का शुरुआती क्रम पूरी तरह से फ्लाप रहा था। टीम का मध्यक्रम लगातार रन बना रहा है खासतौर से दिनेश कार्तिक इस सीजन में शानदार लय में हैं। उनके अलावा ग्लेन मैक्सवेल, सुयश प्रभुदेसाई और शहबाज अहमद के बल्ले से लगातार रन निकले हैं। गेंदबाजी की बात करें तो टीम को हर्षल पटेल की कमी जरूर खल रही है। हालांकि जोश हेजलवुड के आने से गेंदबाजी में विविधता आई है। मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा है। पिछले मैच में उन्होंने 4 ओवर की गेंदबाजी में 37 रन खर्चे थे और विकेटलेस रहे थे। टीम में स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी वानिंदू हसरंगा के पास है जो लगातार विकेट ले रहे हैं। फाफ डु प्लेसिस(कप्तान), अनुज रावत(विकेटकीपर), विराट कोहली, शाहबाज अहमद, ग्लेन मैक्सवेल, सुयश प्रभुदेसाई, दिनेश कार्तिक, वानिंदू हसरंगा, मोहम्मद सिराज, जोश हेजलवुड, सिद्धार्थ कौल।

# राहुल त्रिपाठी ने हैदराबाद के लिए बनाया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जमाए 6 आसमानी छक्के


**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन में नई टीम की तरफ से खेलने उतरे राहुल त्रिपाठी का रंग वही पुराना है। शुक्रवार को अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ इस बल्लेबाज की धमाकेदार अंदाज नजर आया। तूफानी अर्धशतक जमाते हुए एक ऐसा पारी खेल डाली जिसने केकेआर का खेल बिगाड़ दिया। आइपीएल 2022 के 25वें मुकाबले में हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। नीतिश राणा के अर्धशतक और आंद्रे रसेल के तेज 49 रन की पारी के दम पर टीम ने 8 विकेट पर 175 रन का स्कोर खड़ा करने में कामयाबी पाई। जवाब में राहुल त्रिपाठी और एडेन मारक्रम के तूफानी अर्धशतक के दम पर हैदराबाद ने महज 17.5 ओवर में 3 विकेट गंवाकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। हैदराबाद के लिए त्रिपाठी ने कोलकाता के खिलाफ महज 37 गेंद पर 71 रन की बेमिसाल पारी खेली और मैच का रुख बदल दिया। इस तेज तर्रार पारी के दौरान उनके बल्ले से कुल 6 छक्के और 4 चौके निकले। अपनी इस पारी में महज 21 गेंद पर त्रिपाठी ने अपना अर्धशतक पूरा किया। गेंद पर फिफ्टी का रिकार्ड है। यह इस टीम की तरफ से लगाया संयुक्त रूप से सबसे तेज



हैदराबाद की तरफ से यह संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक का रिकार्ड है। आस्ट्रेलिया के दिग्गज वार्नर जो पिछले सीजन तक हैदराबाद की टीम का हिस्सा थे उनके नाम 20 अर्धशतक है। 2015 मे वार्नर और मोइजेज हेनरिकेज ने ऐसा किया था। 2017 में भी वार्नर ने इतनी ही गेंद पर हाफ सेंचुरी जमाई थी। 21 गेंद पर पचास बनाने के सात ही राहुल ने वार्नर की बराबरी कर ली।

# हर्षल पटेल की वापसी के बाद दिल्ली के खिलाफ लय में आना चाहेगी आरसीबी

**मुंबई।** पिछले मैच में मौजूदा चैंपियन चेनन्ई सुपरकिंग्स से हारने के बाद रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब हर्षल पटेल की वापसी से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शनिवार को होने वाले आइपीएल मैच में अपना अभियान फिर से पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आरसीबी ने लगातार तीन जीत से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन चेन्नई ने पिछले मैच में उसे 23 रन से हरा दिया था। टीम को इस मैच में हर्षल की कमी खली थी क्योंकि कप्तान फाफ डुप्लेसिस के पास शिवम दुबे और रोबिन उथप्पा को रोकने के लिए




विकल्प नहीं थे। अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी और डेथ ओवरों के कौशल के लिए मशहूर हर्षल आरसीबी की टीम के अहम अंग हैं और डुप्लेसिस ने स्वीकार किया कि टीम को उनकी कमी खली। हर्षल अपनी चचेरी बहन की मौत के कारण बायो-बबल (कोरोना से बचाव के लिए बनाया गया सुरक्षित माहौल) से बाहर निकल गए थे। गुजरात के इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने आइपीएल 2021 में 32 विकेट लिए थे तथा अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी से वह टी-20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक के रूप में उभरे हैं। इस साल हर्षल ने चार मैचों में 5.50 के इकोनमी रेट से रन दिए हैं और इसके साथ उन्होंने छह विकेट भी लिए हैं। डुप्लेसिस ने जब तब जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग किया और उन्होंने भी अपने कप्तान को निराश नहीं किया। अन्य गेंदबाजों में मुहम्मद सिराज और आकाश दीप ने रन लुटाए है, जबकि वानिंदु हसरंगा भी पिछले मैच में रनों पर अंकुश नहीं लगा पाए थे। बल्लेबाजी में डुप्लेसिस और युवा अनुज रावत ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है, जबकि दिनेश कार्तिक फिनिशर की अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। शाहबाज अहमद और सुयश प्रभुदेसाई ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। पूर्व कप्तान विराट कोहली के प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता नहीं है।

# ऐसी हो सकती है मुंबई और लखनऊ टीम की प्लेइंग इलेवन, मुंबई के लिए हर हाल में जीत जरूरी

**नई दिल्ली।** ब्रेबोर्न स्टेडियम में जब मुंबई की टीम का सामना लखनऊ से होगा तो रोहित शर्मा की टीम केवल और केवल जीत तलाशेगी। टीम के पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है और यदि उसे इस सीजन में अपनी उम्मीदों को जिंदा रखना है तो बाकी बचे 9 मैचों में उसे 8 में जीत दर्ज करनी होगी जिसकी शुरुआत मुंबई, लखनऊ के खिलाफ करना चाहेगी। ब्रेबोर्न स्टेडियम में खूब रन बनते हैं ऐसे में मुंबई की टीम लखनऊ के सामने बड़ा स्कोर बनाने का प्रयास करेगी। टीम की समस्या यह है कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं। इसके अलावा काइरन पोलार्ड का मैच फिनिशर के तौर पर न खेल पाना भी टीम के लिए बड़ी समस्या है। मध्यक्रम में टीम के पास सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज हैं जो अच्छा कर रहे हैं। इस मैच में एक बार फिर से इशान किशन से बड़े स्कोर की दरकार टीम को होगी। गेंदबाजी में मुंबई की बात करें तो जसप्रीत बुमराह लय में नजर



नहीं आ रहे हैं और न ही उनका साथ देने के लिए कोई अन्य गेंदबाज है। टायमल मिल्स जरूर विकेट लेने में कामयाब रहे हैं लेकिन बासिल थंपी और उनादकट ने निराश किया है। स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम के पास मुरुगन अश्विन का विकल्प है। इशान किशन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, काइरोन पोलार्ड, मुरुगन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट , टायमल मिल्स। दूसरी तरफ केएल राहुल के नेतृत्व में लखनऊ की टीम मजबूत नजर आ रही है। मार्कस स्टोइनिस के आने से टीम में बल्लेबाजी में और भी ज्यादा गहराई आई है। राहुल और क्विंटन डीकाक के रूप में टीम के पास विस्फोटक ओपनिंग जोड़ी है तो मध्यक्रम में दीपक हुड्डा और आयुष बदोनी लगातार रन बना रहे हैं। टीम के प्रदर्शन की बात करें तो 5 मैचों में 3 जीत के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर बनी हुई है। टीम बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी काफी मजबूत नजर आ रही है। जेसन होल्डर के आने से डेथ ओवर में गेंदबाजी में सुधार आया है। स्पिन गेंदबाजी की बात करें तो टीम में रवि बिशनेई, क्रुणाल पांड्या और कृष्णप्पा गौतम जैसे ढेरों विकल्प हैं। केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी काक (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, मार्कस स्टोइनिस, आयुष बदोनी, जेसन होल्डर, क्रुणाल पांड्या, के गौतम, दुष्मंथा चमीरा, रवि बिशनेई, अवेश खान।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्र:-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रिया:-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमा:-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करें:-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थिति:-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट:- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथि:-** 30 अप्रैल 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790


# टीम से बाहर किये गए खिलाड़ी बिगाड़ रहे अपनी ही पुरानी टीम का खेल, गेंदबाज और बल्लेबाजों ने किया नाक में दम

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग को दुनिया की सबसे पापुलर टी20 लीग माना जाता है। यहां हर जो रोमांच देखने को मिलता है ऐसा मजा हर लीग में नहीं आता। आइपीएल के 15वें सीजन से पहले हुए मेगा आक्शन से पहले सभी फ्रेंचाइजी टीमों ने अपने चार अधिकतम प्रमुख खिलाड़ी को रिटेन किया बाकियों को नीलामी में शामिल होने के लिए रिलीज कर दिया। इस नए सीजन में अपनी पुरानी टीम के खिलाफ खिलाड़ी धमाल प्रदर्शन बैंगलोर के प्रमुख स्पिनर के तौर पर देखा जाता था। मेगा आक्शन से पहले टीम ने उनको रिलीज कर दिया और राजस्थान ने उन पर दांव लगाया। नतीजा हमें इस सीजन में दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबले में दिखा। चहल ने बैंगलोर की टीम को सबसे ज्यादा चोट पहुंचाया। उन्होंने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के साथ डेविड विली को आउट किया। इसी के साथ विराट कोहली के रन आउट में अहम भूमिका भी निभाई। कुलदीप यादव को कोलकाता



करते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार 15 अप्रैल को हैदराबाद की टीम को राहुल त्रिपाठी की 71 रन की तूफानी पारी में कोलकाता के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। यह खिलाड़ी पिछले सीजन तक कोलकाता का अहम हिस्सा था लेकिन मेगा आक्शन से पहले टीम ने उनको रिलीज कर दिया। 37 गेंद पर राहुल ने 71 रन की ऐसी पारी खेली जिसने मैच का रुख हैदराबाद की तरफ मोड़ दिया। इस पारी के दौरान उन्होंने कोलकाता के रिटेन किए गए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की जमकर पिटाई की और एक ओवर में दो छक्के के साथ एक चौका जमाया। युजवेंद्र चहल को पिछले सीजन तक रायल चैलेंजर्स की टीम ने पिछले कई सीजन अपने साथ बनाए तो रखा लेकिन मैच खेलने का मौका नहीं दिया। इस सीजन में वह दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और अपनी गेंदबाजी के कमाल कर रहे हैं। कोलकाता के खिलाफ मुकाबले में कुलदीप ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए और अपनी पुरानी टीम के हार के अहम कारण बने। उमेश यादव भी आरसीबी की टीम का हिस्सा रह चुके हैं लेकिन उनको भी टीम ने जाने दिया था। इस सीजन कोलकाता की तरफ से खेलते हुए उन्होंने बैंगलोर को विराट कोहली का विकेट लेकर काफी चोट पहुंचाई थी।

# पहली जीत को तरस रही मुंबई इंडियंस, जानिए कब और कहां देखें टीम का अगला मुकाबला

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन में सबकी नजरें सिर्फ एक ही टीम पर है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियस को लगातार पांच मैच में हार मिल चुकी है। सबके मन में यही सवाल है कि क्या टीम को पहली जीत मिलेगी या फिर उसके चाहने वालों को निराशा मिलेगी। शनिवार को डबल हेडल के पहले मुकाबले में मुंबई का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होने जा रहा है। एक तरफ मुंबई को पहली जीत का इंतजार है तो वहीं आइपीएल में पहली बार खेलने उतरी लखनऊ का प्रदर्शन लाजवाब रहा है। 5 मैच खेलकर टीम को अब तक तीन में जीत मिली है। इस मैच से पहले जान लीजिए इस मैच से जुड़ी कुछ अहम बातें। कब होगा मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच ये मैच 16 अप्रैल, शनिवार को होगा मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच ये मैच। कहां खेला जाएगा मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच ये मैच मुंबई और लखनऊ



सुपरजाइंट्स के बीच ये मैच ब्रेबान स्टेडियम में खेला जाएगा। कितने बजे शुरू होगा मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच ये मैचमुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच ये मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच इस मैच का टास मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच इस मैच का टास दोपहर 3 बजे होगा। मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच इस मैच को कहां देख सकते हैं मुंबई और लखनऊ सुपरजाइंट्स के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं। मुंबई इंडियंस : रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थंपी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, जोफ्रा आर्चर, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलेन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और इशान किशन। लखनऊ सुपरजाइंट्स : लोकेश राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकाक, मनीष पांडे, दीपक हुड्डा, क्रुणाल पांड्या, इविन लुइस, मार्कस स्टोइनिस, जेसन होल्डर, एंड्रयू टाई, काइल मायर्स, आवेश खान, दुष्मंता चमीरा, रवि बिशनेई, आयुष बडोनी, मन्न वोहरा, कृष्णप्पा गौतम, शाहबाज नदीम, अंकित राजपूत, मयंक यादव, मोहसिन खान और कर्ण शर्मा।

# मिस्टर एंड मिसेज कपूर देने वाले हैं ग्रैंड वेडिंग रिसेप्शन, ये है वेन्यू

**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट अब मिसेज कपूर बन चुकी हैं। 14 अप्रैल को अपने परिवार और दोस्तों के बीच रणबीर कपूर और आलिया भट्ट शादी के बंधन में बंध गए। इनकी शादी को लेकर पूरे देश में एक्साइटमेंट थी। शादी की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। । लेकिन रणबीर-आलिया की



पार्टी अभी खत्म नहीं हुई है। हाल ही में खबर आई कि ये कपल आज शादी की रिसेप्शन पार्टी दे रहा है। ईटाइम्स की रिपोर्ट्स के अनुसार इस इंटिमेट लेकिन खास फंक्शन में कपूर और भट्ट खानदान के करीबी दोस्त और फैमिली मेंबर्स की नजर आएंगे। अपने निजी शादी समारोह को ध्यान में रखते हुए इस शाम में रणबीर और आलिया के करीबी दोस्त, इंडस्ट्री के कुछ फ्रेंड्स और परिवार के सदस्य ही शामिल होंगे। पर आलिया रणबीर ने अपनी शादी को जितना सीक्रेट रखा उससे बता पाना मुश्किल है कि आखिर रिसेप्शन की असल डेट है क्या। बता दें कि पहले, ऐसी अटकलें थीं कि रणबीर-आलिया कोलाबा के ताज होटल में एक भव्य समारोह की मेजबानी कर सकते हैं। फिर ऐसी भी अफवाहें थीं कि यह जोड़ा बांद्रा में ताज लैंड्स एंड में एक फंक्शन की योजना बना सकता है, लेकिन अब इस प्लान को कैंसिल कर दिया गया है। इसके बजाय, रणबीर, आलिया और कपूर और भट्ट परिवार एक प्राइवेट फंक्शन करेंगे, जहां करीबी दोस्त और रिश्तेदार इन दोनों के एक साथ आने का जशन मनाएंगे। बता दें कि इससे पहले टाइम्स ऑफ इंडिया को एक रिपोर्ट के मुताबिक बातचीत के दौरान नीतू कपूर से रणबीर- आलिया के वेडिंग रिसेप्शन का पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आप सब खुश रहना और आलिया और रणबीर को खुशियां उन्हें ऑल द बेस्ट कहना। हो गया सब कुछ अभी आप सब आराम से सो जाओ।' बता दें कि अभी तक ऐसी खबरें सामने आ रही थीं कि रणबीर आलिया का वेडिंग रिसेप्शन 16 अप्रैल को होगा।

# पलक तिवारी ने 'बोल्ड' अंदाज में ढाया कहर, 'हॉट' वीडियो देख फैंस ने कहा, 'फायर हो यार'

**नई दिल्ली।** श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट के वीडियो शेयर की हैं, इसमें उन्हें कलरफुल स्किन टाइट ड्रेस पहनकर बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए देखा जा सकता है, उन्होंने यह वीडियो 2



घंटे पहले शेयर किया है खबर लिखे जाने तक इसे 54000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं वहीं इसपर 270 से ज्यादा कमेंट किए जा चुके हैं वीडियो शेयर करते हुए पलक ने लिखा है, 'बोलो बोलो क्या' इसके साथ उन्होंने एक दिल की इमोजी शेयर की है पलक तिवारी की वीडियो पर कई लोगों ने कमेंट किया है कई फैंस वीडियो पर स्टनिंग, ईस्ट और वेस्ट, पलक इज बेस्ट, फैंटास्टिक, ब्रिलियंट, फायर हो यार, बिजली गर्ल, ब्यूटीफुल, हम क्या बोल सकते हैं अब, सो ब्यूटीफुल और प्रिंसेस जैसे कमेंट कर रहे हैं वहीं कई लोगों ने इसपर दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है वीडियो में पलक तिवारी कलरफुल ड्रेस पहनकर बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही है वह फोटोशूट करा रही है इसमें उनके बाल खुले हुए हैं उन्होंने हाथों में घड़ी पहन रखी है और वह दिलकश अंदाज में पोज करती नजर आ रही पलक तिवारी श्वेता तिवारी की बेटी है वह फिल्म एक्ट्रेस बनना चाहती हैं पलक तिवारी हाल ही में हार्डी संधू के गाने बिजली-बिजली में नजर आई थी इस गाने को काफी पसंद किया गया था, श्वेता तिवारी की बात करें तो वह कई टीवी शो में नजर आ चुकी हैं। पलक तिवारी की पोस्ट बड़ी तेजी से वायरल होती है वह कई ऐड में भी नजर आ चुकी है वह कई फोटोशूट भी करा चुकी है।

# रणबीर कपूर जानना चाहते थे शादी की सारी रस्में, पंडित जी ने सेहरा बंदी और मंडप के बताए मजेदार किस्से

**नई दिल्ली।** आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी की फोटोज व वीडियोज सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उनके मेहंदी से लेकर शादी और संगीत तक



की कई सारी तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इस बीच दोनों की शादी कराने वाले पंडित राजेश शर्मा ने मंडप के नीचे हुई रस्मों के बारे में बताया है। जिनमें दूल्हे के सेहरा बंधाई से लेकर कन्यादान तक शादी की कई सारी रस्में शामिल हैं। राजेश शर्मा ने आलिया और रणबीर की शादी से जुड़ी दिलचस्प बातें शेयर करते हुए 'उन्होंने ऋषि कपूर जी का आशीर्वाद लेते हुए सारे फंक्शन किए। यह एक पारंपरिक पंजाबी शादी थी, जिसमें कपूर परिवार सभी रीति-रिवाजों का पालन कर रहा था। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सब कुछ वैसा ही हो जैसा हमेशा से होता आया है। रणबीर की इच्छा थी की, पंडितजी उन्हें पूरी विधि समझाते हुए शादी करवाएं। इस दौरान रणबीर और आलिया ने स्वस्थ बच्चा होने समेत सात प्रतिज्ञाएं लीं। राजेश शर्मा ने यह भी बताया कि रणबीर ने उनसे अपनी अपकमिंग फिल्म 'शमशेरा' के मुहूर्त पर ही अपनी शादी कराने की डील कर ली थी। उन्होंने बताया कि रणबीर से वो जब 'शमशेरा' के मुहूर्त में मिले थे तो उन्होंने कहा था कि मेरी शादी आप ही करवाओगे। शादी की रस्मों के बारे में बात करते हुए राजेश शर्मा ने खुलासा किया कि सेहरा बंदी में उनकी चारों बहनों (नताशा नंदा, रिद्धिमा कपूर, करिश्मा कपूर, करीना कपूर) ने रणबीर को टीका लगाया। अमिताभ बच्चन की बेटी और रणबीर की बुआ रितु नंदा की बहु श्वेता बच्चन नंदा ने भाभी की भूमिका निभाई और रणबीर को काला टीका लगाया। वहीं आलिया के माता-पिता फिल्म निर्माता महेश भट्ट और अभिनेत्री सोनी राजदान ने बेटी का कन्यादान किया।

# अरमान की ड्रग्स मामले में एक बार फिर खारिज हुई जमानत याचिका, पढ़ें पूरी खबर

**नई दिल्ली।** अरमान कोहली की ड्रग्स मामले में एक बार फिर जमानत याचिका खारिज हो गई है अरमान कोहली को पिछले वर्ष अगस्त में 1.2 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया था उनके पास से ड्रग्स उनके घर से छापामारी के दौरान बरामद किया गया था अब एनडीपीएस कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका एक बार फिर खारिज कर दी है विशेष कोर्ट ने जमानत याचिका



खारिज करते हुए कहा, 'प्राथमिक दृष्टया यह दिखता है कि आरोपी अरमान कोहली सह-आरोपी के साथ ड्रग्स ट्राफिकिंग मामले में संलिप्त थे यह आरोप की बहुत कम मात्रा में ड्रग्स बरामद हुई है, इससे मामले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि आरोपी की मामले में जिस प्रकार की संलिप्तता है है, वह बहुत ही गंभीर है इसके चलते मामले में आरोपी की संलिप्तता को देखते हुए जमानत नहीं दी जा सकती इसके अलावा खबरों की मानें तो प्रोजिक्युशन ने कोर्ट में बहुत ही शॉकिंग मटेरियल बतौर एविडेंस जमा किए हैं जो कि अरमान कोहली के मोबाइल फोन से बरामद हुए है इसके चलते अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स के नेटवर्क का लिंक भी बनता है अरमान कोहली ने कई कलाकारों के साथ काम किया है अरमान कोहली मुंबई के आर्थर रोड जेल में पिछले वर्ष से बंद है अरमान कोहली सलमान खान के साथ फिल्म प्रेम रतन धन पायो में नजर आ चुके हैं इसके अलावा वह फिल्म जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी और एलओसी कारगिल में भी नजर आ चुके हैं वहीं वह टीवी शो बिग बॉस में भी नजर आ चुके हैं। अरमान कोहली को जेल में बंद हुए 9 महीने हो गये है और वह लगातार जमानत पाने का प्रयास कर रहे है।

# थम नहीं रहा 'केजीएफ' 2 का तूफान दूसरे दिन भी की रिकॉर्ड तोड़ कमाई




**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर कनन्ड़ सुपरस्टार यश की केजीएफ चैप्टर 2 की आंधी अब तूफान बन चुकी है। शुक्रवार को गुडफ्राइडे के दिन भी 'केजीएफ' ने हिन्दी पट्टी में अपना धुआंधार प्रदर्शन जारी रखा। सिर्फ हिन्दी वर्जन की ग्रॉस कमाई 2 दिन में ही 100 करोड़ से ऊपर निकल चुकी है। राजामौली की आरआरआर से इसकी तुलना करें तो केजीएफ 2 ने ओपनिंग के दूसरे ही दिन 231 करोड़ की टिकटें बॉक्स ऑफिस पर बेच डाली हैं। इस तरह एक कनन्ड़ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी सिक्का जमा दिया। डायरेक्टर प्रशांत नील की इस फिल्म में यश, रवीना टंडन और संजय दत्त जैसे स्टार नजर आए, फिल्म ने पहले ही दिन जबरदस्त बिजनेस कर कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया। शुरुआती ट्रेंड्स की बात करें तो केजीएफ ने 88 करोड़ रुपए की नेट कमाई और 103 करोड़ रुपए की कुल कमाई भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शुक्रवार के दिन की है। अभी केजीएफ 2 से शनिवार और रविवार को खासे कलेक्शन की उम्मीद है। फिल्म का वीकेंड 4 दिनों का रहा, जिससे इसे काफी फायदा होगा। आने वाले दिनों में अगर बॉक्स ऑफिस पर ऐसा ही नजारा रहा तो ये फिल्म वीकेंड में सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन जाएगी। जो कि उम्मीद की जा रही है कि 175 करोड़ के आसपास रहेगा। किसी हिन्दी फिल्म का रिलीज के पहले वीकेंड पर सबसे ज्यादा कलेक्शन करने का रिकॉर्ड अब तक सलमान खान की फिल्म 'सुल्तान' के पास है, इस फिल्म ने रिलीज के पांचवे दिन पड़े रविवार तक 180.36 करोड़ रुपए कमाए थे। मूल कनन्ड़ संस्करण भी पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ने के बाद यश की फिल्म अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखे हुए है। कनन्ड़ संस्करण के बॉक्स ऑफिस नंबरों में अगले कुछ दिनों में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है, जबकि दक्षिण भारत में बाकी डब किए गए संस्करण, विशेष रूप से तेलुगु, हाइस्ट लेवल पर प्रदर्शन कर रहा है।

# भारती सिंह ने बेटे के जन्म के 12 दिन बाद शूटिंग पर की वापसी लोगों ने ट्रोल कर कही ये बात

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह ने 3 अप्रैल को बेबी बॉय को जन्म दिया था। पति हर्ष लिम्बाचिया ने सोशल मीडिया पर माता-पिता बनने की इस खुशी को शेयर किया था। बेटे के जन्म से पहले भारती सिंह लगातार शूटिंग कर रही थीं। उनके काम के प्रति इस लगाव को देखकर लोगों ने उनकी खूब सराहना की थी और लोगों ने उन्हें प्रेरणा बताया था। बेटे के जन्म के बाद से ही भारती सोशल मीडिया पर एक्टिव तो थी ही, लेकिन अब वह अपने काम पर लौट चुकी हैं और काफी खुश दिखाई दे रही हैं। लेकिन बेबी के जन्म के बाद भारती का काम पर लौटना कुछ लोगों को रास नहीं आया। भारती सिंह के इस वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में भारती सिंह अपने शो के सेट के बाहर नजर आई, जहां उन्होंने पैपराजी से बात करते हुए कहा, 'मैं बहुत ज्यादा रोई हूं आज, क्योंकि बेटा सिर्फ 12 दिन का है। उसे छोड़कर काम पर आना, लेकिन क्या करें काम-काम है'। हालांकि भारती सिंह ने अपने मूड को ठीक करते हुए पैपराजी को 'मामा' कहा और साथ ही उनके लिए मिठाई भिजवाने की बात की। जहां कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर भारती के हार्ड वर्क को सराहा, तो वही कुछ लोगों ने कॉमेडियन को बुरी तरह ट्रोल किया। भारती सिंह को 12 दिन में काम पर लौटा देखने के बाद कुछ लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल कर दिया। एक यूजर ने उन्हें ट्रोल करते हुए लिखा, 'यह हार्ड वर्क की



बात नहीं है, आपके शरीर को 1 महीने तक बेड रेस्ट की जरूरत होती है और यह मां और बेबी की बॉन्डिंग के लिए भी जरूरी है'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप काम के लिए बाहर कैसे जा सकती हैं। डिलीवरी के बाद 40 दिन तक आप कहीं बाहर नहीं जा सकती'। अन्य यूजर ने ट्रोल करते हुए लिखा, 'पैसो के पीछे इतना भी क्या भागना है। आपके बेबी को संभालो, पैसा तो दोबारा कमाया जा सकता है'। इस वीडियो में जब भारती सिंह से रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी के बाद उन्हें बधाई देने और दो शब्द कहने के लिए कहा गया तो भारती सिंह ने अपने कॉमेडी अंदाज में बधाई देते हुए कहा, 'दोनों को शादी की बहुत-बहुत बधाई, हमें बुलाया था शादी में लेकिन हम जा नहीं पाए बच्चे की वजह से। इसके बाद भारती वहां से हंस कर निकल गई। भारती सिंह ने कुछ दिनों पहले ही अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो शेयर करके अपने बेटे का रूम दिखाया था और अपने मां बनने के सफर के बारे में बताया था।

# गुरुवार को आरआरआर के कलेक्शंस में मामूली उछाल, 250 करोड़ से फिल्म बस इतना दूर

**नई दिल्ली।** एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर 21 दिनों यानी 3 हफ्तों का सफर पूरा कर लिया है। फिल्म के हिंदी वर्जन ने 21 दिनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और अब 250 करोड़ के



पड़ाव के बेहद करीब पहुंच गयी है। हालांकि, चौथे हफ्ते में फिल्म को केजीएफ चैप्टर 2 से टक्कर लेनी होगी, जिसने पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। 14 अप्रैल को आरआरआर ने रिलीज के इक्कीसवें दिन 3 करोड़ का नेट कलेक्शन किया, जिसके साथ फिल्म के हिंदी वर्जन का 21 दिनों यानी तीन हफ्तों का नेट कलेक्शन 243.79 करोड़ हो गया है। आरआरआर को बॉक्स ऑफिस पर सुपर हिट का दर्जा मिल चुका है और अब फिल्म चौथे वीकेंड में 250 करोड़ का कलेक्शन कर सकती है। तीसरे हफ्ते (8-14 अप्रैल) में फिल्म के कलेक्शंस देखें तो तीसरे शुक्रवार को फिल्म ने 5 करोड़, शनिवार को 7.50 करोड़, रविवार को 10.50 करोड़, सोमवार को 3.50 करोड़, मंगलवार को 3 करोड़, बुधवार को 2.70 करोड़ का कलेक्शन किया था। आरआरआर 25 मार्च को रिलीज हुई थी और पहले हफ्ते में फिल्म ने 132.59 करोड़ जुटा लिये थे, जबकि दूसरे हफ्ते में 76 करोड़ और तीसरे हफ्ते में 35.20 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। दूसरे और तीसरे हफ्ते में आरआरआर हिंदी के कलेक्शंस में काफी गिरावट आयी, मगर पहले हफ्ते की धमाकेदार रफ्तार ने आरआरआर को संभाल लिया था। आरआरआर ने ओपनिंग वीकेंड में ही 50 करोड़ का पड़ाव पार कर लिया था, जबकि 100 करोड़ का पड़ाव छूने में इसे 5 दिन लगे। वहीं, 200 करोड़ पार करने में फिल्म ने 13 दिन लिये। अब चौथे हफ्ते में आरआरआर के सामने केजीएफ 2 की चुनौती है, जिसने आते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। इस कनन्ड़ फिल्म ने सभी भाषाओं में 134.50 करोड़ (ग्रॉस) की शानदार ओपनिंग ली है। केजीएफ 2 कनन्ड़ सिनेमा की पहली फिल्म है, जिसने पैन-इंडिया स्तर पर इतना जबरदस्त प्रदर्शन किया है।

# 'नंदीश संधू पैसे के लिए शादियों में नाचता है', 'उतरन' एक्टर को स्ट्रगलिंग फेज में लोगों ने कही थी ऐसी बातें

**मुंबई।** कलर्स के 'उतरन' सीरियल में लीड रोल से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अभिनेता नंदीश संधू ने अपने पहले ही सीरियल से खूब पॉप्युलैरिटी हासिल कर ली थी। छोटे पर्दे के बड़े एक्टर्स में इनकी गिनती होने लगी थी, 'उतरन' के बाद भी वह स्टार प्लस के रियालिटी शो 'नच बलिए' के अलावा कई टीवी सीरियल में लीड रोल में नजर आए थे। हाल ही में नंदीश से एक्सक्लूसिव बातचीत में अपने टेलीविजन और बॉलीवुड करियर के साथ -साथ अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के उतार चढ़ाव पर खुलकर चर्चा की। फिल्मों के सवाल पर नंदीश कहते हैं कि ठमैं सिर्फ टेलीविजन में ही नहीं बल्कि बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाना चाहता था और मुझे लगता था कि मैं और अच्छा काम करू। यही सोचकर मैंने टेलीविजन से ब्रेक ले लिया और फिल्मों के लिए ऑडिशन देने लगा। इस बीच ढाई साल हो गया था और फिल्मों में भी शुरुआत में सिर्फ रिजेक्शन मिला लेकिन मैं कोशिश कर रहा था। नंदीश ने आगे कहा, ठइस दौरान अगर मैं अपने किसी दोस्त या जानने वाले की शादी में भी जाता था तो लोगों ने इस तरह की बात करनी शुरू कर दी थी कि इसके पास पैसे नहीं हैं। इस वजह से नंदीश शादियों में डांस करने जाता है। इस बात से मैं बहुत हर्ट भी हुआ कि लोग इतनी निगेटिविटी कैसे फैला सकते हैं। फिर और ज्यादा शिद्दत से मैं अपने काम पर फोकस करने लगा और जब 'सुपर 30' फिल्म रिलीज हुई तो उसके बाद सबके मुंह बंद हो गए। मुझे फिल्मों में और ओटीटी पर काम मिलना शुरू हो गया। अपने प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए एक्टर ने कहा, ठ'सुपर 30' के बाद 'फैमिली ऑफ ठाकुरगंज' में भी मेरा अच्छा रोल था फिर



मैंने 'ग्रहण' और 'अनदेखी सीजन 2' किया। अनदेखी सीजन 2 में मेरा निगेटिव शेड कैरेक्टर लोगों को बहुत पसंद आया। मैं इस पड़ाव पर खुश हूं। मेरे पाल कुछ और ओटीटी और फिल्मों के ऑफर्स हैं। कुल मिलाकर टेलीविजन से जब मैंने बॉलीवुड में स्विच करने के लिए जो ब्रेक लिया था उसमें मैने बहुत कुछ सीखा। नंदीश अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, ठसबसे पहली बात तो यह कि लोगों की परवाह नहीं करनी है क्योकि बहुत सारे फैन्स आपसे प्यार करते हैं तो वहीं कुछ लोग आपको जबरदस्ती नीचे गिराने की भी कोशिश करेंगे, तो अगर ऐसे में इन पर ध्यान दिया तो काम करना मुश्किल हो जाएगा इसलिए अब मुझे किसी के गलत बोलने से भी कोई फर्क नही पड़ता। टेलीविजन छोड़ने के सवाल पर नंदीश कहते हैं कि ठटेलीविजन से मेरा करियर शुरू हुआ है और मैं टेलीविजन को कभी भी न नहीं कहूंगा, लेकिन अब मैं सीरियल नहीं करना चाहता क्योकि उसमें काफी वक्त लगता है और आपको सेट पर हर दिन के एपिसोड के लिए शूटिंग करनी ही पड़ती है। जबकि एपिसोडिक सीरीज में ऐसा नहीं है। अगर कुछ एपिसोड सीरीज जैसा काम टेलीविजन से आएगा तो मैं जरूर करूंगा।

# इस बीमारी से जूझ रहीं हैं फ्लोरा सैनी, टॉपलेस फोटो शेयर कर फैंस को दी जानकारी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। स्त्री और इनसाइड एज में बेहतरीन अभिनय करने वाली ये एक्ट्रेस रियल लाइफ में भी काफी बोल्ड हैं। हालही में इन्होंने अपनी एक टॉपलेस फोटो शेयर कर सबको चौंका दिया। पर इस तस्वीर के साथ फ्लोरा का दर्द भी छलक पड़ा, उन्होंने फैंस को बताया कि वो एक गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। दरअसल, फिल्म इंडस्ट्री में पहले कोई एक्ट्रेस खुलकर अपनी बीमारी के बारे में बात नहीं करती थी। पर अब बहुत कुछ बदल गया है। आजके दौर में दीपिका पादुकोण, यामी गौतम और विद्या बालन समेत कई ऐसी एक्ट्रेसेस है जो अपनी परेशानियों के बारे में ना सिर्फ खुलकर बात करतीं हैं बल्कि लोगों इससे जागरूक भी करने का काम करती हैं। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी का नाम भी जुड़ गया है। दरअसल, फिल्म इंडस्ट्री में पहले कोई एक्ट्रेस खुलकर अपनी बीमारी के बारे में बात नहीं करती थी। पर अब बहुत कुछ बदल गया है। आजके दौर में दीपिका पादुकोण, यामी गौतम और विद्या बालन समेत कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं जो अपनी परेशानियों के बारे में ना सिर्फ खुलकर बात करतीं है बल्कि लोगों इससे जागरूक भी करने का काम करती हैं। अब इस लिस्ट में एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी का नाम भी जुड़ गया है। फ्लोरा सैनी ने इंस्टाग्राम पर अपनी टॉपलेस फोटो शेयर कर बताया है कि वो पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम नाम की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसकी वजह से उन्हें वजन से जुड़ी परेशानियां होती हैं। इस बीमारी की वजह से वजन कम नहीं होता है, चाहे लड़कियां भूखी रह लें या फिर दिन-रात जिम में लगी रहें। फ्लोरा सैनी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि स्कूल के दिनों में वो बहुत ही मोटी हुआ करती



थीं। बढ़े हुए वजन की वजह से उनके अंदर कॉन्फिडेंस की कमी थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।